शनिवार, 18 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 35 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदयः 05:14 | सूर्यास्तः 17:57 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा


कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



एलपीजी की बुकिंग सामान्य स्थिति की तरफ, घरेलू आपूर्ति में सुधार पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार, पांच और छः पर

सुविचार : किसी के सुख का कारण बनिये भागीदार नहीं।




# लोकसभा में पारित नहीं हो पाया महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक

## पहली बार संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं करा पाई मोदी सरकार

### चाहिए थे 352 वोट, मिले 298



**नयी दिल्ली :** लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी। सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है। वहीं दूसरी तरफ, विपक्ष ने कहा कि यह विधेयक संविधान पर 'आक्रमण' था, जिसे विपक्षी दलों ने रोका है। संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद, 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को भी सदन में आगे नहीं बढ़ाया जा सका, जिन्हें चर्चा और पारित कराने के लिए रखा गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद, अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने कहा, महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने वाले विधेयक का विपक्ष ने सम्मान नहीं किया, यह बहुत खेद की बात है।

### महिला आरक्षण का विरोध करने वालों से नारी शक्ति हिसाब मांगेगी: अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके ''रास्ते का रोड़ा'' कौन है और विपक्ष के नेताओं को चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सभी सदस्यों ने ''अगर-मगर, किंतु-परंतु का उपयोग करके स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है। यह दिखाने का प्रयास किया गया कि विरोध हमारे क्रियान्वयन के तरीके पर है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विरोध क्रियान्वयन का नहीं, बल्कि केवल महिला आरक्षण का विरोध है।'' शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के बिल को गिरा देना, उसका उत्साह मनाना और जयनाद करना सचमुच निंदनीय और कल्पना से परे है।

### संविधान पर आक्रमण था विधेयक, हमने इसे रोका: राहुल गांधी



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा से महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो 2023 में पारित कानून को लागू करें जिसमें विपक्ष पूरा सहयोग देगा। कांग्रेस नेता ने कहा, यह महिला (आरक्षण) विधेयक नहीं था, ये हिंदुस्तान के राजनीतिक और चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी, संविधान पर आक्रमण था। हमने इसे रोक दिया।

### भाजपा महिला आरक्षण विधेयक की आड़ में परिसीमन विधेयक ला रही है : ममता



**कूचबिहार :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार संसद में महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधन का इस्तेमाल परिसीमन विधेयक के लिए 'आवरण' के रूप में कर रही है, जो देश को टुकड़ों में बांट देगा।

# होर्मुज जलडमरूमध्य सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए 'पूरी तरह से खुला' है: ईरान

## भारत समेत ऊर्जा-निर्भर देशों को मिली बड़ी राहत

**तेहरान/वाशिंगटन :** ईरान ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए ''पूरी तरह से खुला'' है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस कदम का स्वागत किया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''लेबनान में हुए संघर्षविराम के मद्देनजर, होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है।'' अराघची ने हालांकि कहा कि जहाजों को ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा ''पहले से घोषित मार्ग'' पर ही चलना होगा। इसके कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में इस घोषणा को साझा किया। इस महत्व-पूर्ण जलमार्ग को फिर से खोलने की घोषणा राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिवसीय संघर्षविराम की घोषणा के एक दिन बाद की गई है।

### कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत की भारी गिरावट

**न्यूयार्क :** हॉर्मुज जलडमरूमध्य खुलने की खबर से कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इस खबर के बाद एसएंडपी 500 में 0.7 प्रतिशत की तेजी आई। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई और नैस्डैक कंपोजिट भी एक प्रतिशत चढ़ गया। मार्च के अंत से अब तक अमेरिकी शेयर बाजारों में 11 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है, जो इस उम्मीद पर आधारित है कि अमेरिका और ईरान वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब स्थिति से बच सकते हैं।

# राहुल गांधी के खिलाफ दोहरी नागरिकता मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ शुक्रवार को दोहरी नागरिकता के कथित विवाद के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज होने के बाद राज्य सरकार किसी भी केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच करने का निर्देश दे सकती है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता ने 28 जनवरी, 2026 को विशेष सांसद-विधायक अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया गया था। सांसद/विधायक अदालत ने कहा था कि यह अदालत नागरिकता के मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए सक्षम नहीं है। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता व याचिकाकर्ता शिशिर ने राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की विस्तृत जांच का अनुरोध किया था।

# चुनावी माहौल के बीच टीएमसी उम्मीदवार देवाशीष कुमार के आवास व कार्यालयों पर आईटी का छापा

**15 घंटे तक चला तलाशी अभियान, कार्यकर्ताओं ने चुनाव दस्तावेज चोरी का आरोप लगाकर किया विरोध प्रदर्शन**

**ममता के नामांकन प्रस्तावक के परिसरों पर भी छापा**

**कालीघाट में तृणमूल के श्रमिक नेता के घर और ऑफिस में भी चली तलाशी**

**तृणमूल उम्मीदवार के खिलाफ आयकर की कार्रवाई पर बिफरीं ममता, लगाया एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप**

कोलकाता, समाज्ञा : आयकर विभाग ने रासबिहारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के विधायक देबाशीष कुमार के आवास और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उम्मीदवारी के प्रस्तावक मिराज शाह के आवास समेत शहर में कई स्थानों पर शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आयकर अधिकारियों के विभिन्न समूहों ने सुबह करीब 6 बजे देबाशीष कुमार के आवास, चुनाव कार्यालय और उनसे जुड़ी कई अन्य संपत्तियों पर तलाशी शुरू की और छापेमारी जारी है। एक साथ तलाशी अभियान के तहत, दक्षिण कोलकाता के एल्गिन रोड स्थित मिराज शाह के आवास पर भी तलाशी ली गई। शाह का संबंध एक स्थानीय शिक्षण संस्थान से बताया जाता है और वह विभिन्न धर्मों के उन चार व्यक्तियों में से एक थे, जिन्होंने चुनाव नामांकन में तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो का नाम प्रस्तावित किया था। लगभग उसी समय आयकर विभाग ने देबाशीष कुमार के करीबी सहयोगी और तृणमूल नेता कुमार साहा के कालीघाट स्थित आवास पर भी छापा मारा था। अधिकारी ने बताया कि ये छापे विधानसभा चुनावों से पहले शहर भर के कई स्थानों पर बिना हिसाब-किताब वाले, बिना ऑडिट किए गए धन के प्रवाह का पता लगाने के लिए चलाए गए एक व्यापक अभियान का हिस्सा थे। बता दें कि देबाशीष कुमार को कथित भूमि धोखाधड़ी मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय ने हाल में कई बार तलब किया था। उन्हें एक, तीन और नौ अप्रैल को सॉल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और वह एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि ईडी का उद्देश्य यह पता लगाना था कि क्या कुमार का उस व्यवसायी के साथ कोई वित्तीय लेनदेन था, जिसकी संपत्ति की हाल ही में केंद्रीय एजेंसी द्वारा तलाशी ली गई थी।






# नासिक यौन उत्पीड़न मामले से सुरक्षा खामियां उजागर

देश की एक प्रमुख आईटी कंपनी की नासिक शाखा में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयासों के चौंकाने वाले आरोप परेशान करने वाले हैं। निस्संदेह, यह प्रकरण बेहद गंभीर है और इन आरोपों ने कार्यस्थल की सुरक्षा जैसे नजरअंदाज किए जा रहे महत्व-पूर्ण मुद्दे पर फिर देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह आरोप है कि पुरुष कर्मचारियों का एक समूह महिला सहकर्मियों को निशाना बनाने के लिए एक 'संगठित गिरोह' की तरह काम कर रहा था। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम कंपनी प्रबंधन की उस घोर लापरवाही को ही उजागर करता है जिस के चलते समय रहते इस तरह के यौन उत्पीड़न व धर्म परिवर्तन की कोशिशों पर अंकुश नहीं लग सका। यह विडंबना ही है कि मानव संसाधन प्रबंधक ने कथित तौर पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने से यह कहकर रोका कि -'ऐसी चीजें होती रहती हैं।' आक्षेप लगाया गया है कि इस प्रकरण में आरोपी का ही पक्ष लिया गया। निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम कॉर्पोरेट जगत में व्याप्त विद्रूपताओं और एक गहरी तथा व्यापक विफलता की ओर ही इशारा करता है। जबकि दावा यह किया जाता रहा है कि कॉर्पोरेट जगत की प्राथमिकता कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चित करना है। इसमें दो राय नहीं है कि जब यौन उत्पीड़न रोकथाम ढांचे को लागू करने के लिये जिम्मेदार उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर दुर्व्यवहार को सामान्य या मामूली बात समझने का आरोप लगता है, तो सारे संस्थागत सुरक्षा उपाय ध्वस्त हो जाते हैं। निर्विवाद रूप से यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है, जब पीड़ित महिला कर्मचारी को न केवल अपराधियों द्वारा बल्कि उनकी सुरक्षा का दायित्व संभालने वालों द्वारा भी चुप कराने के प्रयास किये जाते हैं। एक बार फिर से पुलिस के हस्तक्षेप और परामर्श के बाद ही कई पीड़ित महिला कर्मचारियों ने आगे आने का साहस जुटाया है। जिसके बाद ही मामले में प्राथमिकी दर्ज हो पायी है।

बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर एक असहज करने वाला प्रश्न यह उठता है कि क्यों भय, सामाजिक कलंक अथवा संस्थागत उदासीनता के कारण देश भर के विभिन्न कार्यस्थलों में ऐसे कितने ही यौन उत्पीड़न के मामले उजागर नहीं हो पाते हैं? इसमें दो राय नहीं कि इस मामले में जांच बिना किसी पुर्वाग्रह के आगे बढ़नी चाहिए। निर्विवाद रूप से आईटी कंपनी के नासिक प्रकरण में सांप्रदायिक या राजनीतिक रंग देने का प्रयास इस संकट की मूल चिंताओं को धूमिल करने का जोखिम जरूर पैदा कर सकता है। निस्संदेह, ऐसी घटनाओं को धार्मिक या वैचारिक नजरिये से देखना कॉर्पोरेट जवाबदेही और लैंगिक संवेदनशीलता वाले सुधारों की तत्काल आवश्यकता से ध्यान भटका सकता है। इस संवेदनशील विषय पर नजर रखने वाले तर्क देते हैं कि उत्पीड़न को संप्रदाय विशेष के अपराध के रूप में देखने के बजाय, इसे एक अधिकारी द्वारा अपने अधिकार के दुरुपयोग के रूप में देखा जाना चाहिए, जो किसी भी संस्थान में पारदर्शिता और प्रवर्तन की कमी वाले वातावरण में ही पनपता है। इस विचलित करने वाले प्रकरण में अधिकारियों की प्रतिक्रिया, जिसमें एक विशेष जांच दल का गठन भी शामिल है, स्वागत योग्य है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में महिला आयोग द्वारा भी एक स्वतंत्र जांच की जा रही है, जो कि एक सराहनीय कदम कहा जा सकता है। हालांकि, कॉर्पोरेट जगत से जुड़े कार्यालयों में स्थायी परिवर्तन तभी संभव होगा जब कंपनियां ऐसे मामलों में 'शून्य सहिष्णुता' की घोषणा करेंगी। इसके साथ ही जरूरत इस बात की भी कि कार्यालयों में ऐसा निर्भयतापूर्ण वातावरण तैयार किया जाए कि कोई भी महिला कर्मचारी बिना डर के बोलने के लिये सशक्त बन सके। उन्हें सशक्त बनाने के लिये आंतरिक तंत्र को सक्रिय रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि कंपनियों का शीर्ष प्रबंधन गाहे-बगाहे यह पड़ताल करता रहे कि सर्वाधिकार प्राप्त कोई अधिकारी असीमित अधिकारों की आड़ में उत्पीड़न के अपवित्र खेल में शामिल तो नहीं है। एक पारदर्शी व सतर्क व्यवस्था भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 अप्रैल, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 14:09 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 09:41 तक, योग : प्रीति, 23:55 तक, सूर्योदय: 05:14, सूर्यास्तः 17:57, चन्द्रोदय : 05:27, चन्द्रास्तः 19:02, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 08:26 से 10:01

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपको सिखाएगा धैर्य ही असली ताकत है। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर रखें। लापरवाही की तो मुश्किलें खुद बढ़ेंगी।

**वृष :** आज शांति ही आपकी सबसे बड़ी जीत है। किसी भी विवाद से दूर रहना ही समझदारी होगी। मन थोड़ा उलझा रहेगा, लेकिन अटकी हुई डील अचानक पूरी होकर राहत दे सकती है।

**मिथुन :** आज धन और अवसर दोनों आपके दरवाजे पर दस्तक देंगे। लेकिन किसी की मीठी बातों में आकर फैसला न लें। विदेश से जुड़े काम में खुशखबरी मिल सकती है।

**कर्क :** आज आपकी आमदनी बढ़ने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में टीम का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन जल्दबाज़ी में गलती हो सकती है। धार्मिक माहौल में समय बिताने से मन को सुकून मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए चमकने का मौका है। परिवार और दोस्तों के साथ शानदार समय बितेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में काम करने वालों को नई पहचान मिलेगी।

**कन्या :** आज आलस्य छोड़कर आगे बढ़ने का दिन है। आपकी मीठी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। अफवाहों या सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा न करें।

**तुला :** आज जिम्मेदारियों का भार थोड़ा बढ़ सकता है। खर्चे आय से ज्यादा हो सकते हैं, जिससे तनाव रहेगा। संतान का व्यवहार भी चिंता दे सकता है।

**वृश्चिक :** आज भाग्य आपके साथ खड़ा है। नौकरी में शानदार प्रदर्शन आपको खास बना देगा और प्रमोशन के संकेत मिल सकते हैं। नए काम में कदम सोच-समझकर रखें।

**धनु :** आज बड़ों का आशीर्वाद आपको आगे बढ़ाएगा। आपकी समझदारी भरे फैसले लोगों को प्रभावित करेंगे। ऊर्जा से भरपूर रहेंगे और काम समय पर पूरे करेंगे।

**मकर :** आज खुशखबरी आपका इंतजार कर रही है। दूर बैठे किसी अपने से अच्छी खबर मिल सकती है। पेंडिंग कामों को पूरा करने का मौका मिलेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन सामान्य लेकिन सीख देने वाला है। बिजनेस में तकनीकी समस्या परेशानी दे सकती है। काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन टीम का सहारा मिलेगा।

**मीन :** आज मेहनत आपका सबसे बड़ा हथियार बनेगी। आप अपनी लगन से एक नई ऊंचाई हासिल करेंगे। खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए संतुलन जरूरी है। परिवार के बुजुर्गों की सेहत पर ध्यान दें।

# सरकारी जमीन पर बनी अवैध मस्जिद और मदरसे पर चला बुलडोजर, भारी पुलिस बल तैनात

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के मुबारकपुर बंद गांव में सरकारी जमीन पर बने कथित अवैध मदरसे व मस्जिद को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया और इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मौके पर जिलाधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी पेंसिया ने बताया कि मुबारकपुर बंद गांव में ग्राम प्रधान ने तीन महीने पहले शिकायत की थी, जिसके बाद तहसीलदार अदालत में मामले की सुनवाई हुई और सुनवाई के बाद 30 दिन का अपील का समय दिया गया। उन्होंने बताया कि यहां दो अवैध ढांचे थे और गांव के लोगों ने कहा था कि वे स्वयं हटा



लेंगे लेकिन पूरा ढांचा नहीं हटा पाए। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद प्रशासन से कार्रवाई का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि यहां खेल के मैदान व खाद के गड्ढे की करीब 600 वर्गमीटर आरक्षित भूमि पर कब्जा था। नायब तहसीलदार बबलू कुमार ने बताया कि गाटा संख्या 623 और 630 सरकारी जमीन है, जो राजस्व अभिलेखों में खेल का मैदान और खाद के गड्ढे के रूप में दर्ज है। उन्होंने बताया कि इसी पर अवैध रूप से मस्जिद और मदरसा बना था। कुमार ने बताया कि पहले नोटिस दिया गया था और तह-सीलदार अदालत ने धारा 67 के तहत निर्णय दिया था। उन्होंने बताया कि गांव वालों के अनुरोध पर बृहस्पतिवार को बुलडोजर और जेसीबी से अवैध कब्जा हटवाया गया। अधिकारी ने बताया कि जिले में भूमि बैंक बनाने की कार्रवाई जारी है और आरक्षित व सरकारी भूमि पर जहां भी कब्जे हैं, उन्हें हटवाया जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक बिश्नोई ने बताया कि शासन के निर्देश पर हर गांव में भूमि बैंक बनाने के लिए पिछले छह महीने में जिलाधिकारी के साथ मिलकर अध्ययन कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस सुरक्षा और लेखपालों के साथ हर गांव में सरकारी जमीन पर कब्जों की सूची बनाई गई है। अधिकारी ने बताया कि अब तक करीब सवा सौ हेक्टेयर जमीन कब्जा मुक्त कराई जा चुकी है और मुक्त कराई गई जमीन को विभिन्न सरकारी योजन-ाओं के तहत आवंटित भी किया गया है, जिसमें पुलिस विभाग बड़ा लाभार्थी रहा है।

# मैथिली ठाकुर ने विपक्ष पर 'महिला विरोधी मानसिकता' रखने का आरोप लगाया

**पटना:** महिला आरक्षण संबंधी विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं होने के बाद बिहार में भाजपा की विधायक मैथिली ठाकुर ने विपक्ष पर 'महिला विरोधी मानसिकता' रखने का शुक्रवार को आरोप लगाया। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। ठाकुर ने कहा, लोकसभा में इस विधेयक पर हुए मत विभाजन विपक्ष



की महिला विरोधी मानसिकता को पूरी तरह उजागर कर चुका है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष के लिए महिला सशक्तीकरण केवल एक राजनीतिक नारा है, वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं। उन्होंने विपक्ष के रुख को महिलाओं के अधिकारों पर सीधा और खुला हमला बताया। भाजपा विधायक ने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग सार्वजनिक मंचों पर महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं, वही संसद में उनके अधिकारों के खिलाफ खड़े दिखाई देते हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, लेकिन विपक्ष ने ऐसे प्रगतिशील प्रयासों में लगातार बाधा डालने का काम किया है। ठाकुर ने कहा, विपक्ष का असली चेहरा अब देश की हर महिला के सामने आ चुका है। वे केवल सत्ता की राजनीति से प्रेरित हैं और महिलाओं के अधिकारों या उनके भविष्य की उन्हें कोई वास्तविक चिंता नहीं है।

## रांची में तीन वर्षीय बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में स्कूल वैन चालक गिरफ्तार

**रांची:** झारखंड के रांची में तीन वर्षीय बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में 22 साल के स्कूल वैन चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्ची के माता-पिता के बयान के आधार पर कोटवाली थाने में वैन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और फिर उसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाली थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि आरोपी को बृहस्पतिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना तब सामने आई, जब बच्ची ने अपनी मां को आरोपी द्वारा अनुचित तरीके से छूने के बारे में बताया।

# उत्तर प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी दरों में संशोधन, तीन श्रेणियों में नयी दरें लागू

**लखनऊ/नोएडा:** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हालिया घटनाक्रम के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा हस्तक्षेप करते हुए न्यूनतम मजदूरी दरों में संशोधन का निर्णय लिया और राज्यपाल की मंजूरी के बाद नयी दरें लागू कर दी गई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकार के निर्णय पर राज्यपाल की मुहर लगने के साथ ही अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसके बाद नयी न्यूनतम मजदूरी दरें कानूनी रूप से प्रभावी हो गई हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कामगारों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच वेतन वृद्धि को लेकर जारी गतिरोध को खत्म करने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति गठित की थी। समिति ने अपनी सिफारिशों में मजदूरी दरों को तीन श्रेणियों में विभाजित करने का प्रस्ताव दिया, जिसे सरकार ने अंतरिम राहत के रूप में स्वीकार करते हुए लागू कर दिया। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, 'प्रदेश को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। प्रथम श्रेणी में गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद को शामिल किया गया है, जहां जीवन-यापन की लागत अपेक्षाकृत अधिक है। यहां अकुशल श्रमिकों के लिए 13,690 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 15,059 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 16,868 रुपये मासिक न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई है।'

# बिहार की सरकार अब गुजरात से चलेगी: तेजस्वी यादव

**पटना:** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम और राज्य की नई सरकार को लेकर निशाना साधा। यादव ने पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि महिला आरक्षण के साथ परिसीमन को जोड़ना एक सोची-समझी रणनीति है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन दो अलग-अलग विषय हैं। यादव ने कहा, महिला आरक्षण विधेयक पहले ही सर्वसम्मति से पारित हो चुका था और विपक्ष की मांग थी कि आरक्षण को 50 प्रतिशत किया जाए और इसमें पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को भी शामिल किया जाए लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अब सरकार इसे लागू करने की समयसीमा वर्ष 2034 बता रही है, जिससे कई सवाल खड़े होते हैं। राजद नेता ने कहा कि असली मुद्दा परिसीमन का है जबकि महिला आरक्षण को



आगे कर इसे प्रमुख मुद्दा बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल दिखावे की राजनीति है और सरकार संविधान व लोकतंत्र के मूल ढांचे को प्रभावित करने की दिशा में काम कर रही है। यादव ने इस बीच बिहार में नई सरकार के गठन पर प्रतिक्रिया देते हुए नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई दी लेकिन साथ ही तंज कसते हुए कहा कि उनका राजनीतिक सफर कई दलों से होकर गुजरा है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले एक निर्वाचित मुख्यमंत्री था लेकिन अब एक 'चयनित' मुख्यमंत्री आया है।

# मुवक्किल के हित में वकील जनहित याचिका दायर नहीं कर सकता: इलाहाबाद उच्च न्यायालय



**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक अधिवक्ता द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा कि एक वकील अपने उन मुवक्किल के हित में जनहित याचिका दायर नहीं कर सकता जिन्होंने उसे अपने कानूनी मामले देखने के लिए अधिकृत किया है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने कहा, एक अधिवक्ता द्वारा यह कहते हुए जनहित याचिका दायर करना कि वह कुछ उद्योगों का कानूनी सलाहकार है और उसे इस मामलों को देखने के लिए अधिकृत किया गया है, वह याचिका अनिवार्य रूप से जनहित के दायरे से बाहर हो जाती है। अदालत ने कहा, एक अधिवक्ता से मुवक्किल शिकायतों का निवारण करने के लिए संपर्क करते हैं, याचिकाकर्ता बनने और अपने मुवक्किलों के हित में जनहित याचिका दायर करने की अनुमति नहीं दी जा सकती और उसका इस तरह का आचरण पेशेवर कदाचार के समान हो सकता है।अधिवक्ता याचिकाकर्ता ने पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर उन उद्योंगो को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने का प्रतिवादी अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी।

## युवक ने की आत्महत्या, परिवार का पाकिस्तानी नंबर से 'ब्लैकमेल' करने का आरोप

**मुजफ्फरनगर:** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में 27 वर्षीय एक युवक ने जहर खाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली हालांकि उसके परिवार ने दावा किया कि उसे मोहपाश के झूठे मामले को लेकर ब्लैकमेल किया जा रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि घटना कांधला थाना क्षेत्र के मलकपुर गांव की है। मृतक के भाई सुहैल द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, बिलाल को उसकी कथित आपत्तिजनक तस्वीरों वाले संदेश मिल रहे थे और रुपयों के लिए ब्लैकमेल किया जा रहा था।

# सात करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी का खुलासा, 13 फर्जी फर्मों का पता चला

**पीलीभीत:** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) आईडी के कथित दुरुपयोग से जुड़ी लगभग सात करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए पुलिस ने कथित तौर पर फर्जी बिल बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 13 फर्जी फर्मों का पता लगाया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने बैंक ऋण की व्यवस्था करने के बहाने एक स्थानीय व्यवसायी को धोखा दिया और धोखाधड़ी वाले लेनदेन को अंजाम देने के लिए उसकी जीएसटी से जुड़ी गोपनीय जानकारी जुटाई। कोतवाली प्रभारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने बताया, पूरे गिरोह को बेनकाब करने के लिए 13 फर्मों के रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। सबूतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी और शाहजी इंटरप्रा-इजेज के मालिक मोहम्मद नईम ने कहा कि वह हैंडपंप स्थापना और श्रम सेवा व्यवसाय चलाता है। नईम ने शिकायत में आरोप लगाया कि अजमल उर्फ समीर राणा ने एक ऋण एजेंट के रूप में उनसे संपर्क किया और उन्हें ऋण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में 12 जनवरी, 2026 को अपनी जीएसटी आईडी, पासवर्ड और आधार विवरण साझा करने के लिए राजी किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह धोखाधड़ी 13 मार्च को तब सामने आई, जब जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने नईम से संपर्क किया और उन्हें बताया कि बिना रिटर्न दाखिल किए उनकी जीएसटी आईडी के तहत लगभग सात करोड़ रुपये की खरीदारी दिखाई गई है।

## झारखंड के कुछ हिस्सों में 19-20 अप्रैल को भीषण गर्मी की चेतावनी

**रांची:** झारखंड के कुछ हिस्सों में 19 और 20 अप्रैल को ऊष्म लहर की चेतावनी जारी की गई है, जिसमें अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। वर्तमान में राज्य भर में तापमान 33.5 से 41.8 डिग्री सेल्सियस के बीच है। जिन जिलों में ऊष्म लहर चलने की आशंका है उनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। आईएमडी में उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने कहा, 'मौसम शुष्क रहेगा और कल से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। इन सात जिलों के लिए ऊष्म लहर के संबंध में 'येलो' चेतावनी जारी की गई है।' उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के चार जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में 19 अप्रैल को भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है।

## बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**अहमदाबाद:** बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से एक दिन पहले सम्राट चौधरी को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी शेखर यादव (32), जो अहमदाबाद के साणंद तालुका का निवासी और बिहार के बांका जिले का मूल निवासी है, को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए अहमदाबाद (ग्रामीण) के पुलिस



अधीक्षक (एसपी) ओम प्रकाश जाट ने बताया कि यादव ने कथित तौर पर पिछले मंगलवार को सम्राट चौधरी के कार्यालय में फोन किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

## राजस्थान: जनगणना का पहला चरण 16 मई से शुरू होगा

**जयपुर:** राजस्थान में 'जनगणना 2027' का पहला चरण 16 मई से शुरू होगा, जिसमें मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एचएलओ) की जाएगी। हालांकि, 'स्व-गणना' का विकल्प एक मई से उपलब्ध होगा। जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक विष्णु चरण मलिक ने शुक्रवार को जानकारी दी कि राजस्थान में पहले चरण का कार्य 16 मई से 14 जून 2026 तक किया जाएगा।

# जनगणना सुशासन की आधारशिला; योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी: सम्राट चौधरी

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक एवं सांख्यिकी अभियान 'भारत की जनगणना 2027' की मुख्यमंत्री सचिवालय से डिजिटल माध्यम से शुरुआत की और राज्यवासियों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना सुशासन की आधारशिला है, जो आगामी वर्षों में विकास योजनाओं, नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 तकनीकी दृष्टि से एक ऐतिहासिक पहल है। इसमें पहली बार पूर्णतः डिजिटल डेटा संग्रहण तथा स्व-गणना की सुविधा शुक्रवार से एक मई तक उपलब्ध रहेगी। चौधरी ने कहा कि राज्य में जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दो मई 2026 से 31



मई 2026 तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे स्व-गणना के माध्यम से अथवा प्रगणकों को सहयोग देकर एक सटीक, समावेशी और विश्वसनीय जनगणना सम्पन्न कराने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि 'जनगणना-2027' बिहार एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगी। इससे पहले सुबह में मुख्यमंत्री जेपी गंगा पथ पर आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभियान' कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वहां कहा कि महिला सशक्तिकरण बिहार सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिला सशक्तीकरण केवल नारा नहीं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा धरातल पर लागू की जा रही एक ठोस नीति है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'राज्य सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। 'नारी शक्ति वंदन अभियान' इसी दिशा में एक महत्व-पूर्ण कदम है, जिसके माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ सीधे तौर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।' उपस्थित महिलाओं ने राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और सरकार के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने भी महिलाओं के उत्साहपूर्ण स्वागत का अभिवादन स्वीकार किया।

# वर्ग पहेली नं. 3413

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | ■ | ■ | | ■ | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| ■ | 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | | 27 | ■ | 28 | |
| 29 | | 30 | ■ | | ■ | 31 | 32 | ■ | |
| | ■ | 33 | | | | ■ | 34 | | |

*बायें से दायें:-* 1) शिक़ायत, 3) बहानेबाज़ी, 6) निराधार, 7) रक्तवर्णीय, 9) निराश, 12) दया, 14) राजसी, 16) सौ का समूह, 18) सावधान, 20) महोदय, 22) एक देश, 24) खोपड़ी, 25) गमकना, 28) आधा, 29) नष्ट, 31) एक राशि, 33) भारत का एक राज्य, 34) भिन्न.

*ऊपर से नीचे:-* 1) आग्रही निवेदन, 2) टोली, 3) थुक्का फ़ज़ीहत, 4) रिश्ता, 5) आसमानी *(रंग)*, 8) झूठा, 10) खिसकना, 11) वृढ़ निश्चय, 13) नई मूँछ, 14) एक मांसाहारी बड़ा और लंबा समुद्री प्राणी, 15) गुज़र-बसर, 17) अनुभव, 19) पर्यन्त, 21) विस्फोटक गोला, 23) प्रणाम, 24) अत्याचार, 26) खूनी, 27) प्रसिद्ध, 30) मै का बहुवचन रूप, 32) जल की बड़ी प्राकृतिक धारा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | न | प | ना | ■ | फ़ | रे | ब | ■ | अ |
| रि | ■ | ह | र | क | त | ■ | द | र्श | क |
| चा | व | ल | ■ | द | ह | श | त | ■ | सी |
| रि | ■ | वा | चा | ली | ■ | ह | र | ओ | र |
| का | न | न | ■ | ■ | ह | द | ■ | झ | ■ |
| ■ | ट | ■ | कु | श | ल | ■ | क़ | ल | म |
| ब | ना | व | टी | ■ | वा | स | ना | ■ | न्न |
| धा | ■ | सू | ■ | ता | ■ | मा | त | ह | त |
| ई | ■ | ली | च | ड़ | प | न | ■ | स्ते | ■ |

# सुडोकू-पहेली-3371

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | 6 | | | | | 4 |
| | | 9 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 4 | | 9 | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 6 | | | 9 | | | |
| | 8 | 4 | | | 2 | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 6 | 5 |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| 8 | | | | | | | 1 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3370 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 2 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 8 | 5 | 3 |

# ममता ने पीएम मोदी को झूठ कम बोलने की दी नसीहत

**कूचबिहार :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को यह आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले सप्ताह भाजपा की एक रैली में उत्तर बंगाल के विकास को लेकर सच नहीं बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर बंगाल के विकास के लिए कुछ नहीं किया गया, लेकिन हमने इस क्षेत्र के विकास पर 1.72 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। ममता ने मोदी से ऐसे बयान देने से पहले तथ्यों की जांच करने को कहा। ममता ने रैली में कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी से तीन सवाल पूछना चाहती हैं। उन्होंने सवाल किया कि सत्ता में आने से पहले आपने दो करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किया था। क्या पिछले 12 वर्षों में आपने किसी एक व्यक्ति को भी नौकरी दी है? क्या किसी के बैंक खाते में 15 लाख रुपये आए, जैसा वादा किया गया था? 2016 में, नोटबंदी के दौरान काले धन को वापस लाने का जो लक्ष्य बताया गया था, क्या उसे हासिल किया गया? ममता ने दावा किया कि रेल मंत्री रहते हुए उन्होंने उत्तर बंगाल में कई विकास कार्य किए और नई रेल लाइनें शुरू कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि 12 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार को 24 करोड़ नौकरियां देनी चाहिए थीं, लेकिन इसके बजाय केंद्र ने कोयला, दूरसंचार और नागरिक उड्डयन क्षेत्रों के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों का विनिवेश कर दिया है।

**❑ 'लोकतंत्र में गोलियों से नहीं, बैलेट से काम होता है'**

वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान कूचबिहार जिले के शीतलकुची में मतदान के दिन हुई झड़प में केंद्रीय बलों की गोलीबारी से चार लोगों की मौत का जिक्र करते हुए ममता ने कहा कि वह उस समय प्रभावित लोगों की मदद के लिए पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि वह अकेले ही भाजपा से लड़ रही हैं और आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। ममता ने कहा कि लोकतंत्र में गोलियों से नहीं, बैलेट से काम होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएए को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनीक्षण (एसआईआर) की आड़ में लागू किया जा रहा है और दावा किया कि बंगाल के वैध निवासियों को घुसपैठिए करार दिया जा रहा है।

**❑ 'बंगाल में अन्य राज्यों के 15 लाख लोग करते है काम'**

ममता ने दावा किया कि बंगाल से आए प्रवासी श्रमिकों को अन्य राज्य उनके कौशल के कारण लेते हैं, न कि दान के रूप में। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के 15 लाख लोग बंगाल में काम करते हैं, लेकिन हम उनके खिलाफ कोई अत्याचार नहीं करते।

## ममता ने दुर्गापुर में किया रोड शो



**दुर्गापुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले दुर्गापुर में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में रोडशो किया। इस दौरान लोगों ने सड़क के दोनों तरफ और बालकनी व छतों पर खड़े होकर टीएमसी प्रमुख का अभिवादन किया और मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। ममता ने स्टील मार्केट से चलना शुरू किया और लगभग दो किलोमीटर दूर भिरिंगी मोड़ तक पहुंचीं। इस दौरान दुर्गापुर और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों के टीएमसी उम्मीदवार उनके साथ थे। पार्टी समर्थकों ने 'दीदी दीदी' और 'जय बांग्ला' के नारों के बीच फूल बरसाकर व स्कार्फ पहनाकर बनर्जी का अभिवादन किया। रोड शो के दौरान पूरे मार्ग पर टीएमसी के झंडे दिख रहे थे। कई लोगों के हाथों में नीले और सफेद रंग के गुब्बारे थे।

# बंगाल की वर्तमान स्थिति सीपीआईएम के शासन से भी बदतर : देवेंद्र फडणवीस

## महाराष्ट्र के सीएम का दावा, 1400 कंपनियां बंगाल छोड़कर महाराष्ट्र में कर रही हैं व्यापार




**कोलकाता, समाज्ञा :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को राज्य में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ममता बनर्जी और टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि एक समय ऐसा था जब कोलकाता और पश्चिम बंगाल देश की आर्थिक, वाणिज्यिक और औद्योगिक राजधानी था। देश के पहले बड़े उद्योग बंगाल में ही स्थापित हुए थे। आज भी हम देख सकते हैं कि देश के सफल उद्यमियों की शुरुआत, कहीं न कहीं, बंगाल से ही हुई थी। उन्होंने कहा कि ममता का शासन अब सीपीआईएम के शासन से भी बदतर स्थिति में पहुंच गया है। बंगाल की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा बदलाव आया है। आज हम कहते हैं कि मुंबई और महाराष्ट्र देश की वित्तीय और वाणिज्यिक राजधानी हैं। लेकिन मुंबई से पहले, यह दर्जा कोलकाता और बंगाल के पास था। इसलिए, यह चुनाव सिर्फ किसी को सत्ता सौंपने के बारे में नहीं है। अगर बंगाल की स्थिति ऐसी ही बनी रही, तो मुझे नहीं लगता कि आने वाली पीढ़ी का कोई भविष्य होगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सितंबर 2025 में जो आंकड़े सामने आए हैं, उसके मुताबिक 6,895 उद्योग बंगाल से बाहर चले गए हैं। बंगाल से छोड़ने वाले उद्यमी महाराष्ट्र में आकर अपना उद्योग स्थापित किए हैं। अभी कुछ दिन पहले ही दो उद्यमियों के साथ एमओयू किया है, जो 50 साल से पश्चिम बंगाल में व्यापार करते थे। ये लोग अब महाराष्ट्र में निवेश कर रहे हैं। करीब 1,400 इंडस्ट्रीज बंगाल से महाराष्ट्र में आई हैं। इतने बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र में आना दर्शाता है कि बंगाल से अपना नाता तोड़ा है।

**❑ 'तृणमूल ने घुसपैठियों को मतदाता के रूप में शामिल करने की साजिश रची'**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस ने घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की साजिश रची थी। उन्होंने ध्यान दिलाया कि तृणमूल जहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर आपत्ति जता रही है, वहीं जिनके नाम 'उचित कारणों' से हटाए गए वे लोग कोई विरोध नहीं कर रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि एसआईआर में मतदाता सूची से बाहर हुए लोगों की शिकायतों को दूर करने के लिए संवैधानिक प्रावधान मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जिनके नाम उचित कारणों से हटाए गए थे, उन्होंने विरोध नहीं किया फिर तृणमूल कांग्रेस को ही क्यों आपत्ति है? उच्चतम न्यायालय ने भले ही विशेष गहन पुनरीक्षण पर कुछ टिप्पणियां की है लेकिन इसे रोका नहीं।

इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस पूरी प्रक्रिया को रोकना चाहती थी। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण में संवैधानिक प्रावधान हैं जिसके तहत पीड़ित व्यक्ति न्याय मांग सकता है तथा कानूनी सहारा ले सकता है तथा वह इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हैं। फडणवीस ने कहा कि इस प्रकार की प्रक्रिया हर 10 वर्ष में की जानी चाहिये ताकि मृत, स्थानांतरित और अनधिकृत मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें। उन्होंने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर आगामी विधानसभा चुनावों में 'धोखाधड़ी के साधनों' से जीतने के उदेश्य से इसका विरोध करने का आरोप लगाया।

**❑ 'प्रवासी श्रमिकों पर हमले के आरोप बेबुनियाद'**

तृणमूल कांग्रेस द्वारा महाराष्ट्र जैसे भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों पर हमले होने के आरोपों को फडणवीस ने बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने कहा कि यह जांच कराया जाना उचित रहेगा कि काम की तलाश में लोग पश्चिम बंगाल से बाहर क्यों जा रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि यदि बंगाल के लोगों को हर तरह के काम के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ रहा है, तो राज्य सरकार को शर्मिंदा होना चाहिए। यह सरकार की विफलता को दर्शाता है। मैं केवल ऊंची नौकरियों की बात नहीं बल्कि हर तरह के काम की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि पुणे, मुंबई और नागपुर जैसे शहरों में समृद्ध बंगाली समुदाय हैं जो दुर्गा पूजा और काली पूजा जैसे त्योहारों को कोलकाता के पंडालों के समान भव्य तरीके से मनाते हैं।

# भाजपा समर्थकों ने टीएमसी की महिला कार्यकर्ता को गाली दी, ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : अभिषेक बनर्जी



**पश्चिम मेदिनीपुर :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले में भाजपा समर्थकों ने टीएमसी की एक महिला कार्यकर्ता के साथ उसकी दो वर्षीय बेटी की मौजूदगी में दुर्व्यवहार किया। उन्होंने इस घृणित हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद जताते हुए निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग की। अभिषेक ने कहा कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन प्राथमिकी में नामजद सभी आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सबंग में टीएमसी की महिला कार्यकर्ता साठी गोराई कुइला के साथ हुई इस घटना में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कुछ ऐसे कार्यकर्ता भी शामिल हैं जो बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। अभिषेक ने कहा कि मैं वादा करता हूं कि चार मई के बाद–यानी मतगणना के दिन जो लोग इस घटना के पीछे हैं और जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है, उन्हें हम साठी के घर ले जाकर उनसे माफी मंगवाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों पर उन्हें चुनौती देते हुए अभिषेक ने कहा कि मैं शाह को चुनौती देता हूं कि वे मतगणना के दिन कोलकाता में रुकें और टीएमसी की जीत के बाद जनता की भारी प्रतिक्रिया देखें। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि मैं अपनी पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी की तरह केवल औपचारिकता में विश्वास नहीं करता। चार मई को हमारी जीत के जश्न में रवींद्र संगीत और डीजे संगीत दोनों का मिश्रण होगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 2019 में समाज सुधारक ईश्वरचंद्र विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ी थी, वही लोग अब मछली लेकर घूम रहे हैं ताकि राज्य, उसकी संस्कृति और खानपान के प्रति अपना झूठा प्रेम दिखा सकें। उन्होंने कहा कि चार मई के बाद भाजपा नेता, जिन्होंने हमारे खानपान पर पाबंदी लगाने, मछली–मांस की बिक्री रोकने की धमकी दी और हमारे महान नायकों का अपमान किया, उन्हें बाजारों में अन्य विक्रेताओं के साथ उसी जगह मछली और मांस बेचने के लिए मजबूर किया जाएगा।

### संदेशखाली मुद्दे पर अभिषेक बनर्जी का भाजपा पर निशाना, रेखा पात्रा को घेरा

कोलकाता, समाज्ञा : तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को हिंगलगंज में आयोजित एक जनसभा से भाजपा पर निशाना साधा और संदेशखाली मामले को लेकर भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा को घेरा। हिंगलगंज के नेबुखाली बस स्टैंड के पास आयोजित सभा में, अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि संदेशखाली, हिंगलगंज और हसनाबाद जैसे क्षेत्रों को देश के सामने बदनाम किया गया। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में रेखा पात्रा की प्रमुख भूमिका रही है। अभिषेक ने आरोप लगाया कि संदेशखाली में महिलाओं से खाली कागज पर हस्ताक्षर करवाकर झूठे आरोप दर्ज कराए गए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इन इलाकों को पूरे देश के सामने छोटा किया, उनकी नेता रेखा पात्रा थीं। इस चुनाव में उन्हें इसका जवाब देना होगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव प्रतिरोध और विरोध का चुनाव है और हर पंचायत में तृणमूल कांग्रेस को अधिक मतों से विजयी बनाना चाहिए। सभा के दौरान उन्होंने यह भी संकेत दिया कि चुनाव के बाद सभी आरोपों और घटनाओं का हिसाब लिया जाएगा।

# अपने कार्यकर्ताओं को फर्जी 'प्रेस कार्ड' जारी कर रही तृणमूल : शुभेंदु अधिकारी

**❑ भाजपा नेता ने चुनाव आयोग से की शिकायत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को 'फर्जी प्रेस पहचान पत्र' जारी कर रही है ताकि वे मतदान केंद्रों तक पहुंच बना सकें और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकें। भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शुक्रवार को एक पोस्ट साझा कर आरोप लगाया कि राजनीतिक परामर्श देने वाली कंपनी 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' के साथ मिलकर तृणमूल अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को 'फर्जी प्रेस पहचान पत्र' जारी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग 'पत्रकार बनकर' मतदान केंद्रों और प्रशासनिक केंद्रों जैसे संवेदनशील स्थानों तक पहुंच हासिल कर रहे हैं, ताकि मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके और चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर की जा सके। अधिकारी ने कहा कि इन छद्म पत्रकारों को मीडिया को मिलने वाली छूट की आड़ में अवैध गतिविधियां करने के लिए रणनीतिक तरीके से तैनात किया जा रहा है। भाजपा नेता ने निर्वाचन आयोग से राज्य भर में हाल में जारी किए गए सभी प्रेस पहचान पत्रों का गहन सत्यापन कराने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि केवल मान्यता प्राप्त मीडिया संगठनों के पत्रकारों को ही मतदान केंद्रों के पास जाने की अनुमति दी जाए।

# स्टिंग वीडियो मामले में हुमायूं कबीर ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले हुमायूं कबीर के कथित स्टिंग वीडियो को लेकर राज्य की राजनीति में घमासान तेज हो गया है। अब इस वीडियो की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की पीठ में मामला दायर किया गया। याचिकाकर्ता का आरोप है कि उनकी छवि खराब करने के लिए साजिश के तहत यह वीडियो तैयार कर प्रसारित किया गया। उन्होंने अदालत से मामले की जांच के निर्देश देने की मांग की है। इस मामले में 22 अप्रैल को सुनवाई होने की संभावना है।



उल्लेखनीय है कि नौ अप्रैल को हुमायूं कबीर का एक कथित स्टिंग वीडियो सामने आया था। वीडियो में उन्हें किसी भाजपा नेता से बातचीत करते हुए सुना गया। कथित बातचीत में हुमायूं कबीर यह कहते सुनाई देते हैं कि वह किसी भी कीमत पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सत्ता से हटाना चाहते हैं। वीडियो में यह भी दावा किया गया कि उनकी विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी से बातचीत हुई है और उन्हें दिल्ली ले जाकर केंद्रीय नेतृत्व से मिलाने की बात कही गई थी। साथ ही, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से संपर्क होने का भी उल्लेख किया गया। कथित वीडियो में हुमायूं कबीर को यह कहते हुए भी सुना गया कि यदि मुस्लिम मतदाता ममता बनर्जी से दूर होते हैं, तो हिंदू मतदाता स्वतः भाजपा की ओर चले जाएंगे। इस वीडियो के सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। अब सबकी नजर मामले की सुनवाई पर टिकी है।

# ईवीएम सुरक्षा को लेकर आयोग सख्त, द्विस्तरीय नियंत्रण के साथ बनाए जा रहे 87 स्ट्रॉन्ग रूम

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और अब चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए हैं। राज्यभर की 294 विधानसभा सीटों के लिए कुल 87 स्ट्रॉन्ग रूम तैयार किए जा रहे हैं, जहां मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखा जाएगा।

आयोग के निर्देश के अनुसार, मतगणना केंद्रों को दो स्तरों–जिलासदर और महकमा स्तर–में विभाजित किया गया है। जानकारी के मुताबिक, 44 जिलासदर और 43 महकमा स्तर पर मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। कोलकाता की सीटों को उत्तर और दक्षिण, दो हिस्सों में बांटा गया है, जहां अलग–अलग स्थानों पर मतगणना की व्यवस्था की गई है।

दक्षिण कोलकाता में बाबासाहेब आंबेडकर शिक्षा विश्वविद्यालय, बालीगंज गवर्नमेंट हाई स्कूल, गीतांजलि स्टेडियम और सेंट थॉमस बॉयज स्कूल को मतगणना केंद्र बनाया गया है। वहीं उत्तर कोलकाता की सीटों की मतगणना नेताजी इंडोर स्टेडियम में होगी। इसके अलावा अलीपुर के हेस्टिंग्स हाउस परिसर में भी कुछ केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

राज्य के बड़े जिलों में एक से अधिक मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। दक्षिण 24 परगना में सबसे अधिक केंद्र बनाए गए हैं, जहां जादवपुर के एपीसी रॉय पॉलिटेक्निक, डायमंड हार्बर महिला विश्वविद्यालय, काकद्वीप के सुंदरबन महाविद्यालय और जोका के ब्रतचारी विद्याश्रम सहित कई शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है।

मुर्शिदाबाद जिले में पांच मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें बहारामपुर गर्ल्स कॉलेज, जंगीपुर गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक और कांदी राज कॉलेज प्रमुख हैं। पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर में भी कई शिक्षण संस्थानों को मतगणना केंद्र बनाया गया है। उत्तर बंगाल के जिलों–जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, दार्जिलिंग और कालिम्पोंग–के लिए भी अलग–अलग केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

ईवीएम की सुरक्षा के लिए आयोग ने द्विस्तरीय नियंत्रण व्यवस्था लागू की है। स्ट्रॉन्ग रूम को सील करने के बाद एक चाबी जिलाधिकारी के पास रहेगी, जबकि दूसरी चाबी संबंधित उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों के पास होगी। मतगणना शुरू होने तक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बाहर निगरानी रख सकेंगे।

साथ ही, हर स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल तैनात रहेंगे और 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। आयोग का कहना है कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया है।

### आज सीएम योगी का कूचबिहार एवं जलपाईगुड़ी में जनसभाएं, बांकुड़ा में रोड शो

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के चुनावी परिदृश्य में शनिवार को एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रिय मौजूदगी देखने को मिलेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे कूचबिहार जिले की माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी निशीथ प्रमाणिक के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद, योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर जलपाईगुड़ी जिले की धूपगुड़ी विधानसभा की ओर रुख करेगा, जहां वे दोपहर 1:20 बजे भाजपा उम्मीदवार नरेश चंद्र राय के पक्ष में जनसभा करेंगे। दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री शाम 4:15 बजे बांकुड़ा पहुंचेंगे, जहां भाजपा प्रत्याशी नील–ाद्री शेखर दाना के समर्थन में उनका रोड शो प्रस्तावित है।

---

### आज मध्य प्रदेश के सीएम कमरहट्टी और खड़गपुर विधानसभा में करेंगे जनसभा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चुनाव के मद्देनजर वे दो दिन के दौरे पर पश्चिम बंगाल में रहेंगे। इस दो दिवसीय दौरे में डॉ मोहन यादव कोलकाता और खड़गपुर विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंभाएं करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ यादव आज कोलकाता और खड़गपुर विधानसभा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। शनिवार की सुबह 11:30 बजे कमरहट्टी में भाजपा प्रत्याशी अरुप चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि शाम 5 बजे मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर सदर विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रत्याशी दिलीप घोष के समर्थन में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

# हाई कोर्ट ने चुनाव में कॉलेज शिक्षको को पीठासीन अधिकारी बनाने के आदेश को किया रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें राज्य में होने वाले दो चरणों के विधानसभा चुनावों के लिए कॉलेज शिक्षकों को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई थी। जस्टिस कृष्णा राव की एकल–न्यायाधीश पीठ ने ईसीआई के आदेश को रद्द कर दिया। बता दें कि आयोग ने कुछ दिन पहले एक अधिसूचना जारी कर राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सहायक प्रोफेसर रैंक के कॉलेज शिक्षकों को पीठासीन अधिकारी के तौर पर काम करने के लिए



नियुक्त किया था। आयोग ने यह भी घोषणा की थी कि उन्हें पीठासीन अधिकारी के तौर पर अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा, और उनमें से कई शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी थी। इसे देखते हुए पीठ ने स्पष्ट किया कि जिन शिक्षकों ने पहले ही प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी कर ली है, उन्हें पीठासीन अधिकारी के तौर पर काम करना होगा, लेकिन जिन शिक्षकों ने अभी तक प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं की है, उन्हें नियुक्त नहीं किया जाएगा। आयोग की अधिसूचना के बाद कॉलेज शिक्षकों के एक वर्ग ने इन नियुक्तियों के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस राव की पीठ के समक्ष हुई, जहां आयोग के वकील ने कहा कि पिछले चुनावों में कॉलेज शिक्षकों को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने के पहले भी उदाहरण रहे हैं, लेकिन यह पहली बार है जब कॉलेज शिक्षकों के एक वर्ग ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है। हालांकि, आयोग के वकील यह कोई ठोस कारण नहीं बता पाए कि कॉलेज शिक्षकों को पीठासीन अधिकारी के तौर पर नियुक्त करना इतना जरूरी क्यों था।जस्टिस राव ने पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी आयोग की अधिसूचना को रद्द करते हुए यह भी टिप्पणी की कि यदि ईसीआई उचित समझे तो वे कॉलेज शिक्षकों को उनके सेवा ग्रेड और वेतनमान के अनुसार चुनाव से संबंधित अन्य कार्यों के लिए नियुक्त कर सकते हैं।

# तृणमूल नेता–मंत्री की फिल्म 'कर्पूर' के प्रदर्शन को हरी झंडी, हाई कोर्ट ने खारिज की रोक लगाने की याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं व मंत्री ब्रात्य बसु और कुणाल घोष अभिनीत फिल्म 'कर्पूर' ने कानूनी लड़ाई में जीत ली। कलकत्ता हाई कोर्ट ने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिससे इसके सिनेमाघरों में बने रहने का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि अरिंदम शील द्वारा निर्देशित फिल्म 'कर्पूर' मार्च में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के खिलाफ रायपुर के निवासी गोपाल सामंत ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता का तर्क था कि फिल्म में अभिनय करने वाले



कुणाल घोष और ब्रात्य बसु आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवार हैं। ऐसे में चुनाव के दौरान फिल्म का प्रदर्शन आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है और यह मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की खंडपीठ ने शुक्रवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता की स्थिति पर ही गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता बंगाल का निवासी नहीं है, बल्कि राज्य के बाहर रायपुर का रहने वाला है। रेत खदान से जुड़े एक पुराने मामले का हवाला देते हुए खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति संबंधित राज्य का निवासी नहीं है, तो ऐसी जनहित याचिका स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में हस्तक्षेप का कोई कानूनी आधार नहीं है। हालांकि, पीठ ने यह भी जोड़ा कि यदि चुनाव आयोग को लगता है कि चुनाव कानूनों के आधार पर किसी कार्रवाई की आवश्यकता है, तो वह स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकता है। फिलहाल, 'कर्पूर' के प्रदर्शन पर कोई कानूनी बाधा नहीं है।

# शारीरिक रूप से असमर्थ मतदाताओं के घर पहुंचा आयोग, बैलेट बॉक्स से कराया मतदान

**हुगली :** बूथ तक जाने में असमर्थ मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग की घर-घर मतदान सुविधा के तहत हुगली जिले के बलागढ़ ब्लॉक में कई बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर पर ही वोट डाला। जानकारी के अनुसार, बलागढ़ ब्लॉक में कुल 510 मतदाता घर बैठे मतदान कर रहे हैं। जो मतदाता मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते, उनके नाम बीएलओ द्वारा पहले से घर-घर जाकर सूचीबद्ध किए जाते हैं। शुक्रवार को मतदान कर्मी घर-घर पहुंचे और बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान प्रक्रिया पूरी कराई। सुरक्षा और



निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बल भी उनके साथ तैनात रहा।

बलागढ़ के जीराट ग्राम पंचायत के कॉलेजपाड़ा इलाके में 104 वर्षीय महेंद्र हलदार और दिव्यांग विकाश सरकार ने अपने घर पर ही मतदान किया। महेंद्र हलदार के पुत्र विश्वजीत हलदार ने बताया कि उनके पिता अस्वस्थ हैं, न चल सकते हैं और न ही ठीक से सुन पाते हैं, इसलिए वे मतदान केंद्र नहीं जा सकते। उन्होंने पिछली बार भी घर से ही मतदान किया था और इस बार भी उसी सुविधा का लाभ उठाया।

वहीं, दिव्यांग मतदाता विकाश सरकार ने बताया कि एक दुर्घटना में उन्होंने अपनी आंखों की रोशनी खो दी है और वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं, इसलिए उन्होंने घर पर ही वोट दिया। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, हासिमपुर में भी 105 वर्षीय एक बुजुर्ग ने इसी तरह मतदान किया। मतदाता बैलेट पेपर पर मुहर लगाकर उसे बॉक्स में डालते हैं, जिसे मतदान कर्मी आगे की प्रक्रिया के लिए ले जाते हैं।

हालांकि, इस व्यवस्था को लेकर कुछ शिकायतें भी सामने आई हैं। उत्तरपाड़ा में 91 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला ने आवेदन किया था, लेकिन उनका वोट घर पर नहीं लिया गया। उनके बेटे अरुणाभ गांगुली ने आरोप लगाया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को यह सुविधा मिलनी चाहिए, लेकिन उनका आवेदन खारिज कर दिया गया, जिससे वे मतदान के अधिकार से वंचित रह गईं।

## भारतीय सेना, बीआरओ और ईस्टर्न कमांड के संयुक्त प्रयास से 'ऑपरेशन हिमसेतु' सफल

❑ सिक्किम में फंसे पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सेना ने ईस्टर्न कमांड और त्रिशक्ति कोर (33 कोर) के नेतृत्व में बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) तथा स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर नॉर्थ सिक्किम में फंसे पर्यटकों को 'ऑपरेशन हिमसेतु' के तहत सुरक्षित बाहर निकाला। यह अभियान तब शुरू किया गया जब भूस्खलन के कारण तारामचू के आगे सड़क का एक अहम हिस्सा टूट गया, जिससे चट्टेन का मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और सैकड़ों पर्यटक वहां फंस गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए त्रिशक्ति सैपर्स ने तुरंत मोर्चा संभाला और राहत कार्य शुरू किया। इंजीनियरों ने क्षतिग्रस्त मार्ग पर तेजी से एक अस्थायी पैदल पुल का निर्माण किया, जिससे खराब



मौसम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद लोगों को सुरक्षित निकाला जा सका। साथ ही, डोंक्याला पास पर जमी भारी बर्फ को हटाकर रास्ता सुचारु रखा गया। बेहतर समन्वय और सुनियोजित प्रयासों के चलते कुल 1,170 पर्यटकों और 70 मोटरसाइकिलों को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारतीय सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि 'ऑपरेशन हिमसेतु' सेना के 'सेवा पहले' के सिद्धांत का प्रतीक है और कठिन परिस्थितियों में भी सेना हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों के डीए भुगतान की तैयारी तेज

❑ शिक्षा विभाग ने नवान्न को भेजे विस्तृत दस्तावेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के लाखों शिक्षकों, प्रोफेसरों और शिक्षा कर्मियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से लंबित बकाया महंगाई भत्ते की गणना का काम पूरा कर लिया गया है और इससे संबंधित महत्वपूर्ण फाइल आधिकारिक तौर पर 'नवान्न' (राज्य सचिवालय) भेज दी गई है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, विकास भवन ने इसी सप्ताह स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त रिपोर्ट वित्त विभाग को सौंपी है। राज्य सरकार यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद उठा रही है, जिसमें बकाया डीए के भुगतान को अनिवार्य बताया गया था। विकास भवन द्वारा भेजी गई फाइल में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के अलावा विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों का डेटा शामिल है।

### कोका-कोला इंडिया ने दिलजीत दोसांझ और जान्हवी कपूर के साथ 'हाफटाइम' कैंपेन किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोका-कोला इंडिया ने अपने नए ब्रांड कैंपेन 'हाफटाइम' की शुरुआत की है, जिसमें लोकप्रिय कलाकार दिलजीत दोसांझ और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। यह कैंपेन रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी के बीच मिलने वाले छोटे-छोटे ब्रेक्स को एक नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करता है और कोका-कोला हाफटाइम के विचार को जीवंत बनाता है। कैंपेन में दिखाया गया है कि कैसे व्यस्त जीवन के बीच एक छोटा सा ब्रेक और कोका-कोला का ताज़गी भरा स्वाद लोगों को फिर से ऊर्जा और जुड़ाव का अनुभव कराता है। दिलजीत दोसांझ और जान्हवी कपूर के माध्यम से 'बीच के पलों' की खूबसूरती को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। वीएमएल (डबल्यूपीपी ओपन एक्स) के अंतर्गत वीएमएल के एग्जीक्यूटिव क्रिएटिव डायरेक्टर नकुल शर्मा और तीर्थ घोष ने संयुक्त रूप से कहा कि यह कैंपेन एक सार्वभौमिक मानवीय अनुभव को दर्शाता है।

### हावड़ा डिवीजन में सबवे निर्माण के लिए ट्रेनों का संचालन प्रभावित, कई ट्रेनें रद्द व कुछ पुनर्निर्धारित

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन के बंडेल-कटवा सेक्शन में लिमिटेड हाइट सबवे निर्माण कार्य के चलते 18 अप्रैल 2026 को ट्रेनों के संचालन में व्यापक बदलाव किए गए हैं। यह कार्य गुप्तीपाड़ा-अंबिका कलना के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 8/1/टी तथा पाटुली-पूर्वस्थली स्टेशनों के बीच गेट संख्या 18/2 के स्थान पर किया जा रहा है। इसके लिए, 360 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक निर्धारित किया गया है। इस दौरान कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जिनमें हावड़ा-कटवा (37913, 37915, 37917), बंडेल-कटवा (37747, 37749, 37751), सियालदह-कटवा (31111), कटवा-हावड़ा (37920, 37922, 37924), कटवा-बंडेल (37744, 37746, 37748), कटवा-सियालदह (31112), बंडेल-अजीमगंज (03201) तथा अजीमगंज-बंडेल (03202) शामिल हैं। इसके अलावा, 13466 मालदह टाउन-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस को 270 मिनट तथा 13465 हावड़ा-मालदह टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस को 225 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार, 13177 (अप) और 37918 (डाउन) ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन होंगी, जबकि 37919 (अप) और 13466 (डाउन) ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन के रूप में संचालित होंगी।

### 20 को भवानीपुर क्षेत्र के वार्ड 63 में रैली निकालेंगी सीएम




**कोलकाता :** राज्य की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी आगामी 20 अप्रैल को अपने विधानसभा सीट के भवानीपुर क्षेत्र में रैली का नेतृत्व करेंगी। यह रैली भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 63 सहित अन्य क्षेत्रों में निकाली जाएगी। इस रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को 63 नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जहां तृणमूल नेताओं ने स्थानीय लोगों को इस रैली में शामिल होने का आह्वान किया। स्थानीय पार्षद व बोरो नंबर 7 की चेयरपर्सन सुष्मिता भट्टाचार्य के नेतृत्व में आयोजित इस नुक्कड़ सभा में तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता जयप्रकाश मजूमदार के साथ-साथ अशोक झा, रवि ओझा, स्वर्णाली डे मिश्रा, राजीव तिवारी, कृष्ण प्रताप सिंह ने अपने विचार रखे। इस मौके पर पार्टी के अल्पसंख्यक सेल के वरिष्ठ नेता अब्दुल कयूम के साथ राजा वारसी, शेख अलीजान, फरीद खान व वार्ड के पार्टी अध्यक्ष बबलू पाइन उपस्थित थे।

## साड़ी डीलर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी, निर्मल सराफ पुनः अध्यक्ष मनोनीत

**कोलकाता :** कलकत्ता साड़ी डीलर्स एसोसिएशन ने आगामी दो वर्षीय कार्यकाल 2026-28 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी के गठन की आधिकारिक घोषणा कर दी है। चुनाव की प्रक्रिया अत्यंत सौहार्दपूर्ण रही और पूरी टीम का चयन निर्विरोध संपन्न हुआ। अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यापारियों के नेतृत्व में गठित यह नई टीम व्यापार जगत के विकास और सदस्यों के कल्याण के लिए कार्य करेगी। बैठक के दौरान विभिन्न सदस्यों द्वारा पदाधिकारियों के नामों का प्रस्ताव रखा गया, जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। नई टीम इस प्रकार है: अध्यक्ष- निर्मल सराफ, मंत्री संजय चोपड़ा, उपाध्यक्ष सत्यनारायण डिडवानिया, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सह मंत्री गोपाल जैन, न्याय प्रमुख- पवन जी जाजोदिया।



कार्यकारिणी सदस्यः सर्वश्री भूपेश अग्रवाल, अजय पंसारी, अरविंद शाह, राजेश कुमार बैंगानी, रमेश कुमार जैन, विनय चोरड़िया, विकास शर्मा, सुनील कुमार शाह, सुनील बाहेती, सुमित जैन, सौरभ जैन, विजय शंकर अग्रवाल, विष्णु सराफ और गौतम अग्रवाल, सहायक सदस्य: विकास अग्रवाल और राहुल अग्रवाल। नवनियुक्त अध्यक्ष निर्मल सराफ ने विश्वास व्यक्त किया कि अनुभवी सदस्यों के मार्गदर्शन से व्यापार की नई पद्धतियों और चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य सभी सदस्यों को साथ लेकर चलना और व्यापार के क्षेत्र में आने वाली बाधाओं को दूर कर उन्नति के पथ पर अग्रसर होना है। टीम के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर व्यापारिक हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया है।

### बिना वारंट घर की तलाशी, हरिणघाटा के तृणमूल पार्षद गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मी के बीच नदिया जिले में एक और विवाद सामने आया है। कल्याणी पुलिस ने हरिणघाटा के 17 नंबर वार्ड के तृणमूल कांग्रेस पार्षद राजीव दलाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि पुलिस ने बिना किसी वारंट के उनके घर में प्रवेश कर तलाशी अभियान चलाया और बाद में उन्हें हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, हाल ही में हरिणघाटा विधानसभा सीट से तृणमूल उम्मीदवार राजीव विश्वास के नामांकन दाखिल करने के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसी दौरान रिटर्निंग ऑफिसर के साथ पार्षद राजीव दलाल की तीखी बहस हुई थी। इस घटना को लेकर कल्याणी थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने उसी शिकायत के आधार पर शुक्रवार को राजीव दलाल के घर पर छापेमारी की। आरोप है कि इस दौरान पुलिस के पास तलाशी का कोई वैध वारंट नहीं था। तलाशी के बाद उन्हें हिरासत में लेकर थाने लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को आरोपी पार्षद को कल्याणी महकमा अदालत में पेश किया गया। मामले को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे गैरकानूनी कार्रवाई करार दिया है। पार्टी नेताओं का आरोप है कि चुनाव के ठीक पहले प्रशासन का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, पुलिस का कहना है कि दर्ज शिकायत के आधार पर ही कार्रवाई की गई है और पूरे मामले की जांच जारी है। इस घटना के बाद इलाके की राजनीति और अधिक गरमा गई है तथा चुनावी माहौल में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

### हाई कोर्ट ने डॉ. देबाशीष और अशफाकुल्ला का तबादला किया रद्द

❑ न्यायमूर्ति ने तबादला आदेश को 'त्रुटिपूर्ण' और एसओपी के विरुद्ध बताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के खिलाफ हुए आंदोलन के प्रमुख चेहरों, डॉ. देबाशीष हालदर और अशफाकुल्ला नाइया के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके तबादले के आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति ऋतब्रत कुमार मित्रा ने शुक्रवार को इस निर्देश को 'त्रुटिपूर्ण' और स्वास्थ्य शिक्षा विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के विरुद्ध करार दिया। गौरतलब है कि जून महीने में अचानक देबाशीष और अशफाकुल्ला का तबादला जिला अस्पतालों में कर दिया गया था। डॉक्टरों का आरोप था कि आंदोलन में शामिल होने के कारण उन्हें प्रताड़ित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया और काउंसलिंग की प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया। इससे पहले डॉक्टर अनिकेत महतो के तबादले पर भी कोर्ट रोक लगा चुका है। हाई कोर्ट के इस फैसले को जूनियर डॉक्टरों की बड़ी नैतिक जीत माना जा रहा है।

### माध्यमिक परीक्षा के नतीजे 8 मई को होंगे घोषित


**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए जो छात्र बेसब्री से परिणाम घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) ने शुक्रवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 10वीं (माध्यमिक परीक्षा) के बोर्ड परीक्षा 2026 परिणामों की तारीख के संबंध में एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया है। डब्ल्यूबीबीएसई की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, पश्चिम बंगाल बोर्ड से 10वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों का परिणाम 8 मई को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है। इसी के साथ ही बोर्ड ने छात्रों को बताया कि उन्हें रिजल्ट जारी होने से जुड़ी आगे की जानकारी समय रहते दी जाएगी। बोर्ड ने सभी परीक्षार्थियों को सलाह दी है कि डब्ल्यूबीबीएसई 10वीं बोर्ड परिणाम देखने और संबंधित निर्देशों के लिए बोर्ड के आधिकारिक संदेशों से ही संपर्क में रहें। पश्चिम बंगाल बोर्ड की ओर से परिणाम जारी करने के बाद छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रोल नंबर और जन्मतिथि डालकर रिजल्ट देख सकेंगे।

## श्याम स्टील ने महाराष्ट्र में 10,115 करोड़ निवेश से चंद्रपुर में एकीकृत इस्पात संयंत्र हेतु एमओयू किया



**कोलकाता :** कोलकाता स्थित प्रमुख इस्पात कंपनी श्याम स्टील ने महाराष्ट्र सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत चंद्रपुर जिले में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना में लगभग 10,115 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है, जो राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को नई मजबूती प्रदान करेगा। इस संयंत्र से 8,000 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास और स्थानीय आजीविका को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा। यह एमओयू महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जो राज्य सरकार की उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने की नीति को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ. पी. अनबलगन (प्रधान सचिव, उद्योग, निवेश एवं सेवा), श्याम स्टील के निदेशक पुरुषोत्तम बरीवाला एवं सिद्धार्थ बरीवाला, अध्यक्ष दीपक चौधरी तथा सीईओ यू. के. राणा उपस्थित रहे। यह निवेश महाराष्ट्र को औद्योगिक विकास के एक प्रमुख केंद्र के रूप में और सुदृढ़ करेगा तथा श्याम स्टील की देश में विस्तार रणनीति और भारत के विनिर्माण क्षेत्र में योगदान को भी रेखांकित करता है।

## डीपीएस डोमजूर के छात्रों का हिंदी विषय में शानदार प्रदर्शन, 97% अंक हासिल




**हावड़ा :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), डोमजूर के कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष विशेष रूप से हिंदी विषय में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के अनुसार, छात्रों ने राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति अपनी रुचि और सम्मान दर्शाते हुए बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं। हिंदी विषय में अभिज्ञान कुमार, श्रेतांग्शु मुखर्जी, त्रिनभ अग्रवाल और सोहन बोस ने संयुक्त रूप से 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों की इस उपलब्धि को हिंदी भाषा के उज्ज्वल भविष्य का संकेत बताया है।

### नारायणा स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं में मचाया धमाल, उत्कृष्ट परिणाम से बढ़ाया मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** नारायणा स्कूल, पश्चिम बंगाल ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम दर्ज कर संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षिक परंपरा को और मजबूत किया है। इस उपलब्धि का नेतृत्व करने वाले राज्य टॉपर्स में नैतिक डांगी, मोहिप बोस और बैजयन्ती बनर्जी शामिल हैं, जिन्होंने 500 में से 498 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस अवसर पर नारायणा ग्रुप ऑफ स्कूल्स, पश्चिम बंगाल की सीईओ प्रियंका मुखर्जी ने कहा, हमें अपने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अत्यंत गर्व है। यह सफलता उनके अथक प्रयास, अभिभावकों के अटूट सहयोग और हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता का परिणाम है। नारायणा में हम केवल टॉपर्स ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी और सक्षम व्यक्तित्वों का निर्माण करने में विश्वास रखते हैं, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। संस्थान का समग्र प्रदर्शन भी बेहद प्रभावशाली रहा। कुल 15 छात्रों ने 99% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, 35 छात्रों ने 98% और उससे अधिक, 59 छात्रों ने 97% और उससे अधिक, 133 छात्रों ने 95% और उससे अधिक, जबकि 369 छात्रों ने 90% और उससे अधिक अंक हासिल किए। यह सभी स्तरों पर निरंतर और मजबूत शैक्षणिक प्रदर्शन को दर्शाता है। 47 वर्षों से अधिक की शैक्षणिक विरासत के साथ, नारायणा स्कूल्स लगातार गुणवत्तापूर्ण और व्यक्तिगत शिक्षा प्रदान कर रहा है। संस्थान का उद्देश्य छात्रों को मजबूत शैक्षणिक आधार देना और उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करना है, जिससे वे भविष्य में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकें।

### आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कुमारसभा पुस्तकालय की ओर से आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री की 21वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्य एवं संस्कृति जगत की अनेक हस्तियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान के राजभाषा सलाहकार श्री सत्यप्रकाश दूबे ने कहा कि आचार्य शास्त्री राम के अनन्य भक्त थे तथा तुलसी, बच्चन और आचार्य रामचन्द्र शुक्ल उनके प्रिय साहित्यकार रहे। उन्होंने शास्त्रीजी को लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार, छात्रवत्सल प्राध्यापक और भारतीय संस्कृति के प्रखर वक्ता के रूप में स्मरण किया।

पुस्तकालय के वरिष्ठ सदस्य अजयेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने शास्त्रीजी के मार्गदर्शक रूप और उनके योगदानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत अरविंद तिवारी द्वारा शास्त्रीजी के रचित गीत की सस्वर प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम का संचालन



डॉ. कमल कुमार ने किया, जबकि सर्वश्री अरुण प्रकाश मल्लावत, दुर्गा व्यास, नन्दकुमार लढ़ा, रामपुकार सिंह एवं जीवन सिंह ने अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। अंत में सत्यप्रकाश राय ने कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर डॉ. श्रीपर्णा तरफ्फदार, आचार्य विनोदानन्द कुमार, शुभांगी उपाध्याय एवं वेदप्रकाश गुप्ता ने शास्त्रीजी के व्यक्तित्व और कृतित्व के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही कुमारसभा के मंत्री बंशीधर शर्मा, सीताराम तिवाड़ी, प्रभुदयाल पारीक, प्रदीप सूठवाल, सत्यनारायण शर्मा, पवन धेलिया, प्रो. अर्जुन ठाकुर, घनश्याम सोमानी, विधुशेखर शास्त्री, परमजीत पंडित, राजेन्द्र ओझा, मीतू कानोडिया, विजयशंकर पाण्डेय, कंचन साह, सुभाष शुक्ला, श्रीमोहन तिवारी, भागीरथ सारस्वत, विनोद यादव एवं अरुण सिंह सहित अन्य उपस्थित लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पूर्व रेलवे का स्वच्छता अभियान तेज, एक दिन में 1447 लोगों पर कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेलवे परिसरों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया है। जिसके तहत 16 अप्रैल 2026 को एक ही दिन में गंदगी फैलाने के आरोप में 1447 लोगों को पकड़ा गया। यह अभियान भारतीय रेलवे के 173वें स्थापना वर्ष के अवसर पर शुरू किया गया। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के आह्वान पर शुरू इस अभियान में महाप्रबंधक, अतिरिक्त महाप्रबंधक, सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और डीआरएम ने स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों से संवाद कर स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया। यात्रियों को बताया गया कि रेलवे ट्रैक पर कचरा फेंकने से सिग्नलिंग सिस्टम प्रभावित होता है, ट्रैक की गुणवत्ता खराब होती है और ट्रेन संचालन में बाधा आती है। सख्त निगरानी के तहत विभिन्न स्टेशनों पर कुल 1447 मामलों में 2,89,400 का जुर्माना वसूला गया। हावड़ा डिवीजन में 457 मामलों से 91,400, सियालदह डिवीजन में 615 मामलों से 1,23,000, आसनसोल डिवीजन में 217 मामलों से 43,400 तथा मालदह डिवीजन में 158 मामलों से 31,600 का जुर्माना वसूला गया। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रेलवे परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखना है।

### भारत में ट्रॉमा केयर को मजबूत बनाने पर जोर, समय पर हस्तक्षेप को बताया जीवनरक्षक

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में आघात (ट्रॉमा) मृत्यु और विकलांगता का एक प्रमुख कारण बनता जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आघात देखभाल के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें रोकथाम, समय पर हस्तक्षेप और उन्नत उपचार शामिल हों। रीबिल्डिंग लाइव्स: एडवांसिंग ट्रॉमा केयर इन इंडिया विषय पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रमुख चिकित्सकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने सड़क दुर्घटनाओं और ऑस्टियोपोरोसिस से जुड़े फ्रैक्चर के बढ़ते मामलों को गंभीर चिंता का विषय बताया। डॉ. राकेश राजपूत ने कहा, गोल्डन आवर के दौरान समय पर हस्तक्षेप जीवन और मृत्यु के बीच फर्क ला सकता है। आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। वहीं, डॉ. राजेश कुशवाहा ने बताया, ऑस्टियोपोरोसिस का अक्सर समय पर पता नहीं चल पाता। प्रारंभिक जांच, जीवनशैली में बदलाव और उचित उपचार से फ्रैक्चर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि हाल के वर्षों में शल्य तकनीकों, इम्प्लांट तकनीकों और न्यूनतम आक्रामक प्रक्रियाओं में प्रगति से उपचार के परिणाम बेहतर हुए हैं। उन्होंने आघात को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता बनाने और सभी पक्षों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

## भारतीय रेलवे की 173वीं वर्षगांठ पर सियालदह डिवीजन का स्वच्छता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारतीय रेलवे की 173वीं वर्षगांठ के अवसर पर सियालदह डिवीजन ने स्वच्छता को बढ़ावा देने और यात्रियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य 'स्वच्छ और हरित रेलवे' की अवधारणा को मजबूत करना रहा। सियालदह डिवीजन ने इस अभियान को उपनगरीय स्टेशनों पर केंद्रित किया। अभियान की शुरुआत बालीगंज स्टेशन से हुई, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसर में सफाई अभियान चलाया। साथ ही, स्टेशन



विक्रेताओं को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करते हुए निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालने के निर्देश दिए गए। सियालदह स्टेशन पर डीआरएम राजीव सक्सेना ने यात्रियों से संवाद कर 'जन भागीदारी' की आवश्यकता पर जोर दिया और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। रेलवे ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से बेहतर और स्वच्छ उपनगरीय रेल सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

### महंगाई के बीच भी प्लेटफॉर्म टिकट 10 रुपये ही, पूर्व रेलवे ने बरकरार रखी पुरानी दर

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश में बढ़ती महंगाई के बावजूद रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत अब भी मात्र 10 रुपये ही बनी हुई है। पूर्व रेलवे ने लंबे समय से इस दर को स्थिर रखा है, जिससे आम लोगों को राहत मिल रही है और वे आसानी से स्टेशन परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। पोइला बोइशाख (बंगाली नववर्ष) के अवसर पर हावड़ा स्टेशन पर एक उदाहरण सामने आया, जब एक युवती प्लेटफॉर्म टिकट खरीदने पहुंची और



कीमत जानकर हैरान रह गई। टिकट काउंटर पर उसे बताया गया कि प्लेटफॉर्म टिकट की दर वर्षों से 10 रुपये ही है। इसके बाद अपने मित्र के साथ बातचीत में भी यह बात सामने आई कि पूर्व रेलवे ने आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। रेलवे के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ और गंदगी की समस्या उन लोगों के कारण बढ़ती है, जो बिना टिकट प्रवेश करते हैं। इस संबंध में पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यात्रियों के अलावा अन्य लोगों को प्लेटफॉर्म टिकट लेकर ही स्टेशन में प्रवेश करना चाहिए तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए।

# सीआरपीएफ की भूमिका पर तृणमूल कांग्रेस ने उठाए सवाल, सीईओ को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने विधानसभा चुनाव के बीच के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग द्वारा जारी 'फोर्स डिप्लॉयमेंट इन इलेक्शंस मैनुअल, 2023'', जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 का उल्लंघन किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि फेसबुक पर प्रसारित एक वीडियो के आधार पर यह शिकायत की गई है। इस वीडियो में कुछ नागरिक यह दावा करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि सीआरपीएफ के जवान कथित तौर पर भाजपा उम्मीदवारों के साथ घूम रहे थे, भाजपा के पर्चे बांट रहे थे और मतदात-ाओं को भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित कर रहे थे। पत्र में कहा गया है कि यह व्यवहार कथित तौर पर आपराधिक धमकी और चुनावी प्रक्रिया में अनुचित प्रभाव (धारा 174) के तहत अपराध है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि इस तरह की गतिविधियां मतदाताओं में डर का माहौल पैदा करती हैं और स्वतंत्र मतदान के अधिकार को प्रभावित करती हैं। पार्टी ने यह भी कहा है कि सीआरपीएफ जैसे केंद्रीय बलों का चुनाव ड्यूटी के दौरान निष्पक्ष रहना अनिवार्य है और इस तरह का व्यवहार चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। पत्र में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 और 129 का हवाला देते हुए कहा गया है कि किसी भी पुलिस बल के सदस्य को मतदाताओं को प्रभावित करने या किसी भी पार्टी के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करने की अनुमति नहीं है। टीएमसी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि संबंधित सीआरपीएफ कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएं। सभी केंद्रीय बलों को पश्चिम बंगाल में निष्पक्षता और चुनाव आयोग के नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए जाएं।

# जिला दौरे के लिए हेलीकॉप्टर की मंजूरी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की तैयारी तेज

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी बीच केंद्र सरकार ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के जिला दौरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब वे सड़क मार्ग के बजाय हेलीकॉप्टर के जरिए विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे, ताकि कम समय में अधिक से अधिक क्षेत्रों में पहुंचकर चुनावी तैयारियों का जायजा लिया जा सके। सूत्रों के अनुसार, 20 और 21 अप्रैल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल राज्य के कई महत्वपूर्ण जिलों का दौरा करेंगे। इन जिलों में मालदा, उत्तर दिनाजपुर, कूचबिहार और पश्चिम मेदिनीपुर शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में पहले चरण और दूसरे चरण के मतदान को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। अब तक ऐसे दौरे आमतौर पर सड़क मार्ग से किए जाते थे, जिसमें काफी समय लग जाता था। लेकिन चुनाव के मद्देनजर समय की अहमियत को देखते हुए केंद्र ने हेलीकॉप्टर के इस्तेमाल को मंजूरी दी है। इससे मुख्य निर्वाचन अधिकारी कम समय में ज्यादा जिलों तक पहुंच सकेंगे और वहां की सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों की तैयारियां, बलों की तैनाती और अन्य व्यवस्थाओं का सीधे निरीक्षण कर पाएंगे। चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुचारु, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। खासकर सीमावर्ती और संवेदनशील जिलों में तैयारियों की बारीकी से जांच की जाएगी, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। राज्य में चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, प्रशासनिक गतिविधियां भी तेज होती जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी का यह दौरा उसी दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है, जिससे पूरे राज्य में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित किया जा सके।

**FORMAT C-2**

**(For Candidate to Publish in Newspapers, TV & Social Media)**

**Declaration about criminal cases** (As per the judgment dated 25 September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 – Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name and address of candidate:** MD. Kutubuddin Haque Purkait, Vill.- Purkaitati, Subarnapur, P.O.- Chakla, P.S.- Deganga, Dist.- North 24 Parganas, PIN- 743424, West Bengal

**Name of political party:** All India Secular Front

**Name of Election:** West Bengal Legislative Assembly Election – 2026

**Name of Constituency:** 99 – Baduria

I, **MD. Kutubuddin Haque Purkait**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. & Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Barasat Court | Deganga P.S. Case No. 30/22 | Pending | U/s 188/186/269/271/34 IPC – Criminal Intimidation |
| 2 | Barasat Court | Deganga P.S. Case No. 125/23 | Pending | U/s 188/186/269/271/34 IPC – Criminal Intimidation |

**Note:** Charges have **not** been framed in any of the above pending cases.

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences - NIL** (No cases of conviction)

**Declaration** I, the above-named candidate, do hereby declare that the above information is true and correct to the best of my knowledge and belief.

**Signature of the Candidate MD. Kutubuddin Haque Purkait**

**FORMAT C-1**

**(For Candidate to Publish in Newspapers, TV & Social Media)**

**Declaration about criminal cases** (As per the judgment dated 25 September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 – Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name and address of candidate:** MD. Kutubuddin Haque Purkait, Vill.- Purkaitati, Subarnapur, P.O.- Chakla, P.S.- Deganga, Dist.- North 24 Parganas, PIN- 743424, West Bengal

**Name of political party:** All India Secular Front

**Name of Election:** West Bengal Legislative Assembly Election – 2026

**Name of Constituency:** 99 – Baduria

I, **MD. Kutubuddin Haque Purkait**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. & Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Barasat Court | Deganga P.S. Case No. 30/22 | Pending | U/s 188/186/269/271/34 IPC – Criminal Intimidation |
| 2 | Barasat Court | Deganga P.S. Case No. 125/23 | Pending | U/s 188/186/269/271/34 IPC – Criminal Intimidation |

**Note:** Charges have **not** been framed in any of the above pending cases.

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences - NIL** (No cases of conviction)

**Declaration** I, the above-named candidate, do hereby declare that the above information is true and correct to the best of my knowledge and belief.

**Signature of the Candidate MD. Kutubuddin Haque Purkait**

**FORMAT C-1**

**(For publication in Newspapers / TV / Social Media / Party Website)**

**Declaration about criminal cases** (As per the judgment dated 25 September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 – Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name and address of candidate: BISWAJIT MAITY**, son of Paresh Chandra Maity, aged 44 years, Village-Babpur, P.O.- Madhabpur, P.S.- Duttapukur, District-North 24 Parganas, PIN-700125, West Bengal

**Name of political party: ALL INDIA SECULAR FRONT**

**Name of Election:** West Bengal Legislative Assembly Election – 2026

**Name of Constituency: 102 – Amdanga**

I, **BISWAJIT MAITY**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases Total number of pending criminal cases: 11 (Eleven)**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. & Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ld. C.J.M. at Barasat | Barasat P.S. Case No. 1608/13 dated 19/07/2013 | Pending | U/s 325/354/307/506/34 IPC – Voluntarily causing grievous hurt, outraging modesty, attempt to murder, criminal intimidation |
| 2 | Ld. C.J.M. at Barasat | Duttapukur P.S. Case No. 224/2013 | Pending | U/s 186/353/337/338/307/427/435/506 IPC & 3 PDPP Act – Obstructing public servant, hurt, mischief |
| 3 | Ld. 1st J.M. at Barasat | G.R. No. 3221/2014 | Pending | U/s 341/323/354/379/506/34 IPC – Wrongful restraint, hurt, outraging modesty, theft, intimidation |
| 4 | Ld. C.J.M. at Barasat | Duttapukur P.S. Case No. 501/24 dated 23/06/24 | Pending | U/s 498A/406 IPC – Cruelty & criminal breach of trust |
| 5 | Ld. 6th J.M. at Calcutta | New Market P.S. Case No. 39 dated 11.02.21, G.R. 187/21 | Pending | U/s 143/147/149/152/332/333/285 IPC – Unlawful assembly, rioting, mischief |
| 6 | Ld. C.J.M. at Calcutta | Hare Street P.S. Case No. 17/23 dated 21.01.2023 | Pending | U/s 143/147/149/152/332/333/283/307/427 IPC r/w 3 PDPP Act – Rioting, attempt to murder, mischief |
| 7 | Ld. A.C.J.M. at Baruipur | Kashipur P.S. Case No. 347/23 dated 29/07/23 | Pending | U/s 212/120B IPC – Harbouring offender, criminal conspiracy |
| 8 | Ld. A.C.J.M. at Baruipur | Madhabpur P.S. Case No. 42 dated 14.04.2025 | Pending | U/s 191(2)/192(3)/285/132/121(1)/61(2) BNS r/w 3 PDPP Act |
| 9 | Ld. A.C.J.M. at Baruipur | Uttar Kashipur P.S. Case No. 35/25 dated 14.04.25 | Pending | U/s 61(2)/121(2)/191(2)/ etc. BNS r/w 3/4 PDPP & WB MPO Act |
| 10 | Ld. A.C.J.M. at Baruipur | Uttar Kashipur P.S. Case No. 36/2025 dated 14.04.25 | Pending | U/s 61(2)/121(2)/191(2)/ etc. BNS r/w 3/4 PDPP & WB MPO Act |
| 11 | Ld. A.C.J.M. at Baruipur | Hatishala P.S. Case No. 81/25 dated 14.04.25 | Pending | U/s 61(2)/121(2)/191(2)/ etc. BNS r/w 3/4 PDPP & WB MPO Act |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences NIL**

**Declaration** I, the above-named candidate, do hereby declare that the above information is true and correct to the best of my knowledge and belief and nothing material has been concealed therefrom.

**Signature of the Candidate BISWAJIT MAITY**

**FORMAT C-1**

**(For publication in Newspapers / TV / Social Media)**

**Declaration about criminal cases** (As per the judgment dated 25 September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 – Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name and address of candidate:** MD. ABDUL MALEQUE MOLLA, Village – Padmapukauria, P.O. B. Narayanpur, P.S. Madhabpur, Dist. South Twenty Four Parganas, West Bengal

**Name of political party:** ALL INDIA SECULAR FRONT

**Name of Election:** West Bengal Legislative Assembly Election – 2026

**Name of Constituency:** 133 – KULPI

I, **MD. ABDUL MALEQUE MOLLA**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. & Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | EM – Baruipur | M. Case No. 1500/2026 dt. 24.03.2026 P.R. NCR 50/26, P.S. Bhangore | Pending | U/s 126/115 B.N.S.S. – Violence. Charges have not been framed. |
| 2 | Ld. ACJM – Baruipur | G.R.O. Case No. 35/25 dt. 19.02.2026 C.R.M. No. (A) 3468/25, P.S. Kashipur | Pending | U/s 61(2)/121(2)/191(2)/191(3)/190/221/224/121(1)/132/109/324(6)/326/352/351(3) BNS read with 28/9/15(A)/15(B) of K of P.O. Act / 3/4 of P.D.P.P. Act – Causing hurt to someone. Charges have not been framed. |
| 3 | Ld. ACJM – Baruipur | P.S. Case No. 510/22 CMC No. 4077/22, P.S. Bhangore | Pending | U/s 341/325/308/506/34 IPC – Physical assault and wrongful restraint. Charges have not been framed. |
| 4 | Ld. ACJM – Baruipur | P.S. Case No. 496/21 dt. 08.11.2021, P.S. Bhangore | Pending | U/s 147/148/149/188/333/353/307/427 IPC – Commission to grievous hurt. Charges have not been framed. |
| 5 | Ld. ACJM – Baruipur | P.S. Case No. 242/21 dt. 19.05.2021, P.S. Bhangore | Pending | U/s 341/325/326/307/34 IPC – Physical assault. Charges have not been framed. |
| 6 | Ld. ACJM – Baruipur | P.S. Case No. 236/21 dt. 11.05.2021, P.S. Bhangore | Pending | U/s 147/148/149/341/326/307/506 IPC – Attempt to murder. Charges have not been framed. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences – NIL**

**Declaration** I, the above-named candidate, do hereby declare that the above information is true and correct to the best of my knowledge and belief.

**Signature of the Candidate MD. ABDUL MALEQUE MOLLA**

**Format C-1**

*(For candidate to publish in Newspaper, & TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of Candidate : **SARADINDU CHAKRABORTY**
Name of Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of Election : ***WEST BENGAL Legislative Assembly Election 2026***
*Name of Constituency : ***26-SILIGURI AC***

I, SARADINDU **CHAKRABORTY**, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**PENDING CRIMINAL CASES**

| Sl. No | Name of Court | Case No. and Dated & Status | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|
| | **Ld.J.M. 1st Court at Siliguri** | Siliguri P.S. Case No.384/2013 corresponding to G.R. Case No.1193/13 Dated : 10/04/2013, & PENDING | **U/S-333/353/143/336/186/ 332 of IPC &** On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and at about 18-15 hrs it was allegedly by the C.P.I.(M) supporters started pelting stones on the peaceful rally as a result police personals got injured. |
| 2 | **Ld. A.C.J.M. at Siliguri** | Siliguri P.S. Case No.385/2013, Corresponding to G.R. Case No.1196/13 Dated : 10/04/2013 & PENDING | **U/S- 147/148/149/336/324/325/307/120B of IPC &** On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and at about 18-15 hrs it was allegedly by the C.P.I.(M) supporters started stone pelting on the said rally of T.M.C. |
| 3 | **Ld. A.C.J.M. at Siliguri** | Siliguri P.S. Case No.386/2013, Corresponding to G.R. Case No.1198/13 Dated : 10/04/2013 & PENDING | **U/S- 147/148/149/336/324/325/307/120B of IPC &** On 10/04/2013 at about 17-30 hrs, a procession of TMC was allegedly resisted by the CPI(M) supporters by pelting stones and glass bottles |
| 4. | **Ld. A.C.J.M. at Siliguri** | Siliguri. P.S. Case No.387/2013, Corresponding to G.R. Case No.1194/13 Dt. 10/04/2013 & PENDING | **U/S-336/325/307/34 of IPC &** On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and it was allegedly that the C.P.I.(M) supporters at that time tried to kill the T.M.C. supporters and police personnel. |
| 5. | **Ld. A.C.J.M. at Siliguri** | Siliguri P.S. Case No. 638/18. corresponding to G.R. Case No. 2698/18 & PENDING | U/s. 353/186/307/506(ii)/120B of IPC It was alleged that the accused was obstructing traffic and tried to sprinkle petrol upon an official. |
| 6 | **Ld.J.M. 4th Court at Siliguri** | Siliguri P.S. Case No. 391/15. corresponding to G.R. Case No. 1485/15 & PENDING | U/S 143/431/188/341 of IPC. It was alleged that the accused person conducted mischief and wrongful restraint. |

**Details about cases of Conviction for criminal offences**

| Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|
| NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

***Sd/- SARADINDUCHAKRABORTY***
***Candidate; 26 SILIGURI Assembly Constituency***

# महिला आरक्षण संबंधी विधेयक गिरने के बाद भाजपा की महिला सांसदों का संसद के बाहर प्रदर्शन




**नयी दिल्ली :** लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 2029 से आरक्षण लागू करने और लोकसभा सदस्यों की संख्या बढ़ाने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के निम्न सदन में गिरने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला सांसदों ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर और भारत महिलाओं के इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा के नारे लगाते हुए सांसदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाले विपक्ष ने महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से लाए गए इस विधेयक को जानबूझकर रोक दिया। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि इस कदम ने राजनीतिक सशक्तीकरण की प्रतीक्षा कर रही करोड़ों महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा, आज 65 करोड़ महिलाएं प्रतीक्षा कर रही थीं। हम पराजित नहीं हुए हैं, बल्कि संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का मुद्दा हार गया है। हम इस मानसिकता को स्वीकार नहीं करेंगे। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने महिलाओं का अपमान किया है-इसके लिए राहुल गांधी और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे ने विपक्ष पर महिलाओं को आरक्षण देने के ऐतिहासिक कदम को रोकने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे उनका महिला-विरोधी रुख उजागर हुआ है, जबकि सरकार ने सभी चिंताओं का समाधान किया था। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन की मंशा नारी शक्ति विधेयक को पारित नहीं होने देने की थी। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि वे महिलाओं को विधानसभाओं में प्रवेश नहीं करने देना चाहते। लेकिन भारत की महिलाएं अब इसे बर्दाश्त नहीं करेंगी और कांग्रेस तथा 'इंडिया' गठबंधन को करारा जवाब देंगी। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने इस घटनाक्रम को शर्मनाक और बेहद पीड़ादायक बताया तथा विपक्ष पर महिलाओं का मनोबल गिराने का आरोप लगाया। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया।

## महिला आरक्षण संबंधी विधेयक गिरने के बाद राजग नेताओं की बैठक

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 2029 से आरक्षण लागू करने और लोकसभा की सदस्य संख्या बढ़ाने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के निम्न सदन में गिरने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में बैठक की। बैठक में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, धर्मेंद्र प्रधान और अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, राजग के सहयोगी दलों के नेताओं में केंद्रीय मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू (तेलुगु देशम पार्टी), जयंत चौधरी (राष्ट्रीय लोक दल), राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (जनता दल-यूनाइटेड) और चिराग पासवान (लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास) भी बैठक में मौजूद थे। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, यह एक सामान्य समन्वय बैठक थी।

## एअर इंडिया के पायलट के पास से बरामद हुआ गांजा, अमेरिका से वापस भेजा गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एक उड़ान में यात्री के तौर पर सफर करने वाले एअर इंडिया के एक पायलट के पास कथित तौर पर गांजा (मारिजुआना) बरामद किया गया, जिसके बाद अमेरिकी अधिकारियों ने उन्हें वापस भेज दिया। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, हमारे चालक दल के एक सदस्य एक आगामी उड़ान के संचालन के लिए 14 अप्रैल को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को पहुंचे थे, जिन्हें स्थानीय कानूनों के अनुसार प्रवेश के लिए अयोग्य पाया गया और वापस भारत भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार, सह-पायलट के पास कथित रूप से मादक पदार्थ गांजा मिला था। एअर इंडिया ने बताया कि इस मामले में आंतरिक जांच शुरू कर दी गई है और कंपनी की नीतियों के अनुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## कर्नाटक में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

**यादगिर :** कर्नाटक में यादगिर जिले के सुरपुर तालुका में शुक्रवार को एक निजी बस से भिड़ंत के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह दुर्घटना सुरपुर तालुका में शांतापुरा क्रॉस के पास हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान कृष्णा नायक (52) और उनकी पत्नी अनंत काला (45), शरणप्पा (36) और उनकी पत्नी निसर्गा (30), उनके बच्चे सिद्धार्थ (3), आद्विक (5), और श्रीनिधि (1.5) और शशिकला (30) और उनके बेटा चंदन (8) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि शशिकला का दूसरा बेटा विराट (10) बाल-बाल बच गया। प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से पुलिस अधीक्षक पृथ्वी शंकर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि कार का टायर फट गया, जिसके बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार एक निजी बस से जा टकरायी।

## धार्मिक परंपराएं न्यायिक समीक्षा के दायरे में : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि किसी धर्म/संप्रदाय से जुड़ीं प्रथाओं की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायाधीशों को धार्मिक मामलों में निर्णय देते समय अपने व्यक्तिगत धार्मिक विश्वासों से ऊपर उठकर अंतरात्मा की स्वतंत्रता एवं व्यापक संवैधानिक ढांचे को ध्यान में रखना चाहिए। नौ-सदस्यीय की संविधान पीठ ने केरल के शबरिमला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव से संबंधित याचिकाओं और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे व स्वरूप पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इस संविधान पीठ में प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रशांत बी. वराले, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। मामले में एक हस्तेक्षपकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने न्यायालय में कहा कि वर्तमान संदर्भ केवल हिंदू प्रथाओं या शबरिमला मंदिर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी धर्मों, विश्वासों और अंतरात्मा से जुड़े मामलों को नियंत्रित करने वाले संवैधानिक ढांचे से संबंधित है।

## तेलंगाना में हुए जाति सर्वेक्षण से राज्य में दो लाख से अधिक कन्याओं के बाल विवाह का खुलासा



**हैदराबाद :** तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा 2024-25 में कराए गए जाति सर्वेक्षण में 18 वर्ष से कम उम्र की लगभग पांच प्रतिशत यानी 2.16 लाख लड़कियों के विवाह होने की जानकारी सामने आई है। हाल ही में सार्वजनिक की गई सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि तेलंगाना में औसतन महिला-पुरुष अनुपात 0.98 है। दिलचस्प बात यह है कि गोंड और कोया (दोनों अनुसूचित जनजातियां), तथा माला और मडिगा (दोनों अनुसूचित जातियां) में यह अनुपात 1 से अधिक है, जबकि अयंगर/अय्यर, जैन, राजू और सामान्य श्रेणी के मुसलमानों जैसे सामान्य वर्गों में यह अनुपात राज्य के औसत 0.98 से काफी कम पाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, तेलंगाना में बालिका विवाह के संबंध में पाया गया कि पांच प्रतिशत लड़कियां या 18 वर्ष से कम उम्र की 2.16 लाख लड़कियों की शादी हो चुकी है। 18 वर्ष से कम उम्र में विवाहित लड़कियों का सबसे अधिक अनुपात अयंगर/अय्यर समुदाय में (21.2 प्रतिशत) पाया गया-जो राज्य के औसत से लगभग पांच गुना अधिक है, जबकि जैन समुदाय में यह आंकड़ा 11 प्रतिशत है, जो राज्य के औसत से लगभग दोगुना है। तेलंगाना सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति (एसईईईपीसी) सर्वे-2024 के अनुसार राज्य में लगभग दो-तिहाई महिलाएं माध्यमिक शिक्षा के बाद आगे पढ़ाई नहीं कर पाती। सबसे अधिक पिछड़ेपन के स्तर पर, अनुसूचित जनजाति कोलम समुदाय की महिलाओं में 83 प्रतिशत ऐसी हैं जो माध्यमिक शिक्षा के बाद आगे नहीं बढ़ पातीं। यह स्थिति आदिवासी लड़कियों के बीच शिक्षा तक अत्यंत कमजोर पहुंच और बेहद खराब शैक्षिक परिणामों को दर्शाती है।

## न्यायालय ने पवन खेड़ा को राहत देने से इनकार किया, असम की अदालत का रुख करने को कहा




**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर लगाए गए आरोपों को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामले में 20 अप्रैल तक गिरफ्तारी से संरक्षण देने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने खेड़ा से कहा कि वह इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए असम की सक्षम अदालत का रुख करें। उसने स्पष्ट किया कि राज्य की अदालत खेड़ा की याचिका पर बिना किसी प्रतिकूल टिप्पणी (यदि कोई हो) पर ध्यान दिए सुनवाई करेगी, चाहे वह इस न्यायालय द्वारा की गई हो या तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा। खेड़ा ने पांच अप्रैल को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था कि हिमंत की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्तियां हैं, जिनका जिक्र मुख्यमंत्री ने नौ अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों के लिए दाखिल अपने चुनावी हलफनामे में नहीं किया है। हिमंत और रिंकी ने इन आरोपों को झूठा एवं मनगढ़ंत बताया था। न्यायालय का ताजा आदेश इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने 15 अप्रैल को असम सरकार की याचिका पर संज्ञान लेते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय की ओर से खेड़ा को दी गई एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी थी।

## शीर्ष सैन्य कमांडरों ने चीन और पाक से लगती सीमाओं पर भारत की सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा की




**नयी दिल्ली :** सेना के शीर्ष कमांडरों ने चीन और पाकिस्तान के साथ लगती सीमाओं पर भारत की सुरक्षा चुनौतियों की व्यापक समीक्षा की तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिले सबक के आधार पर सेना की युद्धक क्षमता को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 'भविष्य के लिए तैयार सैन्य बल' के रूप में विकसित होने की अपनी दृष्टि के अनुरूप, सेना ने 2026 को 'नेटवर्किंग और डेटा केंद्रण' वर्ष के रूप में नामित किया है। एक दिन पहले बृहस्पतिवार को यहां सैन्य कमांडरों का यह चार दिवसीय सम्मेलन समाप्त हुआ था। सैन्य कमांडरों के द्विवार्षिक सम्मेलन में मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और 'काउन्टर अनमैन्ड एरियल सिस्टम्स' (सी-यूएएस) की तैनाती समेत सुरक्षा बल की अभियानगत क्षमता आवश्यकताओं पर भी ध्यान दिया गया। कमांडरों ने भू-राजनीतिक उथल-पुथल के कारण आपूर्ति श्रृंखलाओं में आने वाले व्यवधानों को देखते हुए दीर्घकालिक रणनीतिक अनुकूलन क्षमता सुनिश्चित करने के लिये स्वदेशी उत्पादन क्षमता बढ़ाने और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की।

## भारत, चीन ने दिल्ली में एससीओ की द्विपक्षीय परामर्श बैठक की



**नयी दिल्ली :** भारत और चीन ने 16-17 अप्रैल को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तहत द्विपक्षीय परामर्श बैठक आयोजित की, जिसमें दोनों पक्षों ने एससीओ नेताओं के फैसलों के कार्यान्वयन और संगठन की भावी रणनीति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एससीओ के लिए भारत के राष्ट्रीय समन्वयक आलोक ए डिमरी ने किया, जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल की कमान चीन के राष्ट्रीय समन्वयक राजदूत यान वेनबिन ने संभाली। बयान में कहा गया, ''भारत और चीन ने 16-17 अप्रैल को नयी दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की द्विपक्षीय परामर्श बैठक आयोजित की।'' इसमें कहा गया कि दोनों पक्षों ने ''एससीओ नेताओं के निर्णयों के कार्यान्वयन और संगठन की भावी रणनीति पर विचारों का आदान-प्रदान किया।'' बयान के अनुसार, बैठक में भारत और चीन एससीओ से जुड़े मामलों में आपसी सहयोग और परामर्श को जारी रखने एवं मजबूत करने पर सहमत हुए। इसमें कहा गया कि दोनों पक्षों ने विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज से सुरक्षा, व्यापार, संपर्क और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित अन्य क्षेत्रों में एससीओ ढांचे के भीतर सहयोग की समीक्षा करने का संयुक्त रूप से आह्वान किया।

# टीसीएस मामले में महिला की तलाश के लिए मुंब्रा पहुंची नासिक पुलिस, पति से की पूछताछ

**ठाणे :** नासिक पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के एक कार्यालय में कथित धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में आरोपी महिला का पता लगाने के लिए बृहस्पतिवार को ठाणे जिले के मुंब्रा पहुंची और उसके पति से पूछताछ की। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि फरार आरोपी महिला पर नासिक में दर्ज शिकायतों के बाद नजर रखी जा रही है, जहां टीसीएस का कार्यालय स्थित है। नासिक अपराध शाखा की टीम महिला का पता लगाने के लिए फिलहाल मुंब्रा में डेरा डाले हुए है। महिला पिछले दो महीने से वहीं रह रही थी। पुलिस को आशंका है कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए स्थान बदल रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला के पति से उसके घर पर पूछताछ की गई और उससे पत्नी के ठिकाने के बारे में जानकारी ली गई। अधिकारी के अनुसार, पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी किसी रिश्तेदार के घर गई है, लेकिन जब पुलिस टीम उस रिश्तेदार के घर पहुंची, तो वह बंद मिला। साथ ही आरोपी महिला और उसके रिश्तेदार दोनों के मोबाइल फोन भी बंद पाए गए।

## नासिक में टीसीएस कार्यालय में 'धर्मांतरण' और 'उत्पीड़न' के खिलाफ बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन



**नासिक :** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नासिक में टाटा कंसलटेंसी (टीटीएस) के एक कार्यालय में कथित धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के मामले पर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया और इसमें शामिल लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की। हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए और घटना की निंदा करते हुए नारेबाजी की। इससे पहले इस सप्ताह, पुलिस ने बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) टीसीएस की आठ महिला कर्मचारियों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। इन कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनके वरिष्ठ सहकर्मियों ने मानसिक और यौन उत्पीड़न किया, जबकि मानव संसाधन (एचआर) विभाग ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया।

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
* Name of Election : **West Bengal Legislative Assembly Election - 2026**
Name of State/ UT : **West Bengal**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituenc | Name of the Candidate | (A)Pending criminal cases | | (B)Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) and punishment imposed. | Maximum Punishment imposed |
| 1 | 26- SILIGURI (A.C) | SARADINDU CHAKRABORTY | **Ld.J.M. 1st Court at Siliguri** Siliguri P.S. Case No.384/2013 corresponding to G.R. Case No.1193/13; Status : Pending for framing of charge. | **U/S-333/353/143/336/186/ 332 of IPC &** On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and at about 18-15 hrs it was allegedly by the C.P.I.(M) supporters started pelting stones on the peaceful rally as a result police personals got injured. | NIL | NIL | NIL |
| 2 | | | **Ld. A.C.J.M. at Siliguri** Siliguri P.S. Case No.385/2013, Corresponding to G.R. Case No.1196/13; Status: Pending for framing of charge. | **U/S- 147/148/149/336/324/325/307/120B of IPC &** On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and at about 18-15 hrs it was allegedly by the C.P.I.(M) supporters started stone pelting on the said rally of T.M.C. | NIL | NIL | NIL |
| 3 | | | **Ld. A.C.J.M. at Siliguri** Siliguri P.S. Case No.386/2013, Corresponding to G.R. Case No.1198/13. Status : Pending for framing of charge. | **U/S- 147/148/149/336/324/325/307/120B of IPC &** On 10/04/2013 at about 17-30 hrs, a procession of TMC was allegedly resisted by the CPI(M) supporters by pelting stones and glass bottles | NIL | NIL | NIL |
| 4 | | | **Ld. A.C.J.M. at Siliguri** Siliguri. P.S. Case No.387/2013, Corresponding to G.R. Case No.1194/13 | **U/S-336/325/307/34 of IPC &** On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and it was allegedly that the | NIL | NIL | NIL |
| | | | Status: Pending for framing of charge. | C.P.I.(M) supporters at that time tried to kill the T.M.C. supporters and police personnel.. | | | |
| 5 | | | **Ld. A.C.J.M. at Siliguri** Siliguri P.S. Case No. 638/18. Corresponding to G.R. Case No. 2698/18; Status: Pending for framing of charge. | **U/s. 353/186/307/506(ii)/120B of IPC** It was alleged that the accused was obstructing traffic and tried to sprinkle petrol upon an official. | NIL | NIL | NIL |
| 6 | | | **Ld.J.M. 4th Court at Siliguri** Siliguri P.S. Case No. 391/15. Corresponding to G.R. Case No. 1485/15; Status: Pending for framing of charge. | **U/S 143/431/188/341 of IPC.** It was alleged that the accused person conducted mischief and wrongful restraint. | NIL | NIL | NIL |

*Sd/- Saman Pathak*
*Secretary, Communist Party of India (Marxist); Darjeeling District and Member, CPI(M) State Committee*

**FORMAT C-2**
**(For Candidate to Publish in Newspapers, TV & Social Media)**
**Declaration about criminal cases** (As per the judgment dated 25 September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 – Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
**Name and address of candidate:** MD. ABDUL MALEQUE MOLLA, Village – Padmapukauria, P.O. B. Narayanpur, P.S. Madhabpur, Dist. South Twenty Four Parganas, West Bengal
**Name of political party:** ALL INDIA SECULAR FRONT
**Name of Election:** West Bengal Legislative Assembly Election – 2026
**Name of Constituency:** 133 – KULPI
I, **MD. ABDUL MALEQUE MOLLA**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:
**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. & Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | EM – Baruipur | M. Case No. 1500/2026 dt. 24.03.2026, P.R. NCR 50/26, P.S. Bhangore | Pending | U/s 126/115 B.N.S.S. – Violence. Charges have not been framed. |
| 2 | Ld. ACJM – Baruipur | G.R.O. Case No. 35/25 dt. 19.02.2026, C.R.M. No. (A) 3468/25, P.S. Kashipur | Pending | U/s 61(2)/121(2)/191(2)/191(3)/190/221/224/ 121(1)/132/109/324(6)/326/352/351(3) BNS read with 28/9/15(A)/15(B) of K of P.O. Act / 3/4 of P.D.P.P. Act – Causing hurt to someone. Charges have not been framed. |
| 3 | Ld. ACJM – Baruipur | P.S. Case No. 510/22, CMC No. 4077/22, P.S. Bhangore | Pending | U/s 341/325/308/506/34 IPC – Physical assault and wrongful restraint. Charges have not been framed. |
| 4 | Ld. ACJM – Baruipur | P.S. Case No. 496/21 dt. 08.11.2021, P.S. Bhangore | Pending | U/s 147/148/149/188/333/353/307/427 IPC – Commission to grievous hurt. Charges have not been framed. |
| 5 | Ld. ACJM – Baruipur | P.S. Case No. 242/21 dt. 19.05.2021, P.S. Bhangore | Pending | U/s 341/325/326/307/34 IPC – Physical assault. Charges have not been framed. |
| 6 | Ld. ACJM – Baruipur | P.S. Case No. 236/21 dt. 11.05.2021, P.S. Bhangore | Pending | U/s 147/148/149/341/326/307/506 IPC – Attempt to murder. Charges have not been framed. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences NIL**
**Declaration** I, the above-named candidate, do hereby declare that the above information is true and correct to the best of my knowledge and belief.
**Signature of the Candidate MD. ABDUL MALEQUE MOLLA**

## पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा



**मुंबई:** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गई जबकि निफ्टी 157 अंकों की बढ़त पर रहा। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान की नई उम्मीद और इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन के युद्धविराम से वैश्विक निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 24,353.55 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 4.84 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,65,64,461.51 करोड़ रुपये (5.02 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 943.29 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 302.95 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की बढ़त रही। शुक्रवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा और टाइटन के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और एच-सीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुझान देखा गया। लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव घटने की उम्मीद ने घरेलू बाजार को मजबूती देने का काम किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल को लेकर चिंता कम हुई, जिसका असर मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर पड़ता है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.76 प्रतिशत उछल गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.31 प्रतिशत की बढ़त पर रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 3.82 अरब डॉलर बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह कहा। इससे पहले तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे लगातार कई हफ्तों तक भंडार में गिरावट देखी गई थी। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.12 अरब डॉलर बढ़कर 555.98 अरब डॉलर पर रही।

### गोवा में ऊंचे शुल्क से बचने के लिए होटल खुद घटा रहे अपनी श्रेणीः मंत्री

**पणजी:** गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य में स्टार रेटिंग वाले कई होटल अधिक सरकारी शुल्क से बचने के लिए जानबूझकर अपनी श्रेणी घटा रहे हैं, जिससे राजस्व को नुकसान हो रहा है। खौंटे ने पोर्वोरिम में संवाददाताओं से कहा कि कुछ पांच सितारा होटल, जो 'ए' या 'बी' श्रेणी में होने चाहिए, वे उससे नीचे की श्रेणी में जा रहे हैं ताकि ऊंचे शुल्क से बचा जा सके। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस मामले में पर्यटन विभाग के कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, जो इन होटलों का भौतिक निरीक्षण कर उनकी श्रेणी तय करने के लिए जिम्मेदार थे।

# एलपीजी की बुकिंग सामान्य स्थिति की तरफ, घरेलू आपूर्ति में सुधार



**नयी दिल्ली:** देश में रसोई गैस (एलपीजी) की मांग अब धीरे-धीरे सामान्य स्तर पर लौट रही है क्योंकि घरेलू आपूर्ति बढ़ी है और गर्मियों की शुरुआत के साथ मांग में कमी आई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह बात कही। पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने से भारत में भी एलपीजी की उपलब्धता पर असर पड़ा था। इसके बाद सरकार ने घरेलू रसोई उपयोग को प्राथमिकता देते हुए होटल एवं रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति में कटौती कर दी थी। इस कदम से उपभोक्ताओं में घबराहट बढ़ी और पिछले महीने दैनिक बुकिंग बढ़कर 88 लाख तक पहुंच गई जबकि सामान्य समय में प्रतिदिन करीब 45 लाख सिलेंडर की ही बुकिंग होती है। कच्चे तेल की रिफाइनिंग के दौरान निकलने वाले पेट्रोरसायन उत्पादों का इस्तेमाल एलपीजी उत्पादन में करने जैसे कदमों से घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40-50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। इससे घरों तक गैस आपूर्ति पहुंचाने की स्थिति में सुधार हुआ। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि वर्तमान में दैनिक सिलेंडर बुकिंग 46-50 लाख के बीच हो रही है। उन्होंने कहा, 16 अप्रैल को करीब 50 लाख सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाए गए। आपूर्ति सामान्य है और आंकड़े स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने का संकेत देते हैं। शर्मा ने कहा कि गर्मियों की शुरुआत होने से भी गैस की मांग में कमी आई है। हालांकि उन्होंने मांग में आई कमी का कोई ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस वितरण पूरी तरह सामान्य है और वितरक स्तर पर किसी किल्लत की सूचना नहीं है। कुल मांग में से करीब 98 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन हो रही है, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक डिलीवरी प्रमाणित होने से दुरुपयोग पर रोक लगी है। इसके अलावा, वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति भी अब संकट-पूर्व स्तर के करीब 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है।

### देश में एलपीजी की ढुलाई के लिए पाइपलाइन अवसंरचना को लेकर 12,500 करोड़ रुपये की पहल शुरू

**नयी दिल्ली:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने देश में रसोई गैस (एलपीजी) की ढुलाई के लिए पाइपलाइन अवसंरचना विकसित करने के लिए बड़े स्तर पर पहल शुरू की है ताकि सड़क मार्ग पर निर्भरता को कम और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। तेल एवं गैस नियामक ने कहा कि इस पहल के तहत रिफाइनरियों और आयात टर्मिनलों को बॉटलिंग संयंत्रों से पाइपलाइन के जरिए जोड़ा जाएगा, जिससे थोक भंडारण टैंकरों से होने वाले परिवहन की जगह अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और दक्ष प्रणाली विकसित की जा सके। पीएनजीआरबी ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए नौ पाइपलाइन परियोजनाओं की पहचान की गई है और फिलहाल करीब 2,500 किलोमीटर लंबाई वाली चार प्रमुख परियोजनाओं... चेरलापल्ली-नागपुर, शिकरापुर-हुबली-गोवा, पारादीप-रायपुर और झांसी-सितारगंज के लिए निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इन परियोजनाओं में लगभग 12,500 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है और ये एलपीजी की आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। नियामक के मुताबिक, इससे एलपीजी आपूर्ति शृंखला अधिक सुव्यवस्थित होगी, परिवहन के दौरान होने वाले नुकसान में कमी आएगी और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटेगा।

## सोने का आयात वित्त वर्ष 2025-26 में 24 प्रतिशत बढ़कर 71.98 अरब डॉलर



**नयी दिल्ली:** देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2025-26 में 24 प्रतिशत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 71.98 अरब डॉलर पहुंच गया है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कीमती धातु की ऊंची कीमतों के कारण हुई है। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में सोने का आयात 58 अरब डॉलर रहा था, जबकि 2023-24 में यह 45.54 अरब डॉलर और 2022-23 में 35 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2025-26 में मात्रा के हिसाब से सोने का आयात 4.76 प्रतिशत घटकर 721.03 टन रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 757.09 टन था। इसी तरह, चांदी का आयात बीते वित्त वर्ष में लगभग 150 प्रतिशत बढ़कर 12 अरब डॉलर हो गया। मात्रा के लिहाज से यह 42 प्रतिशत बढ़कर 7,334.96 टन रहा। इन कीमती धातुओं के आयात में वृद्धि से देश का व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 333.2 अरब डॉलर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण आयात मूल्य बढ़ा है, जबकि मात्रा में गिरावट आई है। मंत्रालय ने बताया कि सोने के आयात की कीमत वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 99,825.38 डॉलर प्रति किलोग्राम हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 76,617.48 डॉलर प्रति किलोग्राम थी। इसी दौरान आयात मात्रा 757.09 टन से घटकर 721.03 टन रह गई। मंत्रालय के अनुसार स्विट्ज़रलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत रहा, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (16 प्रतिशत से अधिक) और दक्षिण अफ्रीका (लगभग 10 प्रतिशत) का स्थान है। सोना देश के कुल आयात का पांच प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

### चांदी 5,700 रुपये लुढ़की, सोना 1,600 रुपये टूटा

**नयी दिल्ली:** घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई।

## न्यूज अपडेट

### अंबानी को पीछे छोड़ अदाणी बने एशिया के सबसे अमीर



**नयी दिल्ली:** उद्योगपति गौतम अदाणी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के प्रमुख मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। यह बदलाव उनके बंदरगाह से ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह के शेयर में लगातार तेजी के कारण उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के कारण हुआ है। एशिया के अमीर व्यक्तियों की ताजा रैंकिंग के अनुसार, अदाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर है, जबकि अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर आंकी गई है। इस तरह अदाणी अब भारत और एशिया दोनों में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अदाणी भारत के सबसे बड़े निजी बंदरगाह नेटवर्क का संचालन करते हैं। वे देश के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक और निजी हवाई अड्डा संचालक भी हैं तथा दुनिया के प्रमुख कोयला व्यापारियों में शामिल हैं। वह वर्तमान में 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' में 19वें स्थान पर हैं। यह दुनिया के 500 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची है और इसे रोजाना अद्यतन किया जाता है। मुख्य आधार उनका प्रमुख समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज है, जो ऊर्जा, दूरसंचार और खुदरा व्यापार जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है। इस धीमी बढ़त के कारण क्षेत्र के अरबपतियों की सूची में बदलाव आया है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे चढ़कर 92.91 पर बंद

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 23 पैसे की मजबूती के साथ 92.91 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव में कमी आने की उम्मीदों के बीच डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह में बढ़ोतरी से भी रुपये पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

### विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया ने तृप्ति डिमरी को बनाया पहला ब्रांड एंबेसडर, समर सिग्नेचर कैंपेन लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा**

ग्लोबल फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी अपैरल ग्रुप ने अभिनेत्री तृप्ति डिमरी को विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया की पहली ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपना समर सिग्नेचर कैंपेन भी लॉन्च किया है, जिसमें विक्टोरिया सीक्रेट और पिंक ब्रांड्स के तहत लॉन्जरी और स्लीपवियर कलेक्शन पेश किया गया है। इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप डिजाइन, वायरलेस ब्रा, लोगो टी-शर्ट और साटन स्लीपवियर शामिल हैं, जो आराम और स्टाइल का संतुलन प्रदान करते हैं। साथ ही कूल एयर कलेक्शन में कूलब्रा जैसे प्रोडक्ट्स भी शामिल हैं, जो ठंडक और आराम का अनुभव देते हैं।



अपैरल ग्रुप इंडिया के सीईओ अभिषेक बाजपेयी ने कहा कि भारत विक्टोरिया सीक्रेट के लिए तेजी से उभरता बाजार है और तृप्ति नई पीढ़ी के आत्मविश्वास का प्रतीक हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने कहा कि यह ब्रांड महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान अपनाने के लिए प्रेरित करता है।




वर्ष 11, पूर्णांक 3566 अंक 032 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in